# देशबन्धु

वर्ष – 34 । अंक – 318 । भोपाल, शनिवार 18 नवम्बर 2023 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 3.00 रुपए



राघोगढ़ में 82.16 तो गुना में 71.54 प्रतिशत पड़े वोट — पृष्ठ 2
▪ मुफ्त खाद्यान्न और चुनावी वादे
▪ प्रौद्योगिकी संस्थान में भी असुरक्षित हैं महिलाएं — पृष्ठ 4
▪ जिले में कड़ी सुरक्षा के बीच 90 प्रतिशत मतदान — पृष्ठ 6
पृष्ठ 8


### ग्वालियर-चंबल, बुंदेलखंड और मालवा में हुई हिंसक घटनाएं

# गोली चली, मारपीट और झड़पों के बीच हुआ 76 फीसदी मतदान





**नए मतदाताओं, महिलाओं और बुजुर्गों में दिखा उत्साह ▪ विधायक मालिनी गौड़ के बेटे ने की मारपीट, वीडियो वायरल ▪ दिमनी में मतदाताओं पर पत्थरबाजी, गोली चलने की खबर ▪ मेहगांव में भाजपा प्रत्याशी पर हमला**

**भोपाल, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव के लिए आज हुए मतदान के दौरान कई जगह हिंसक घटनाएं हुईं। राज्य के ग्वालियर-चंबल, बुंदेलखंड और मालवांचल में गोलीबारी, मारपीट और झड़पें हुईं। छतरपुर जिले के राजनगर में एक कांग्रेस पार्षद की हत्या के बाद भाजपा प्रत्याशी समेत 20 लोगों पर हत्या का मामला दर्ज किया गया। वहीं दिमनी में गोली चली, जबकि मेहगांव में भाजपा प्रत्याशी राकेश शुक्ला को विरोधियों ने घेर से लिया। झड़प के चलते वे घायल हो गए। जबकि इंदौर में विधायक मालनी गौड़ के बेटे द्वारा मारपीट करने, महू में तलवारें चलने की खबर है। इस सबके बीच प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों में मतदान शांतिपूर्ण रहा। नए युवा मतदाताओं, महिलाओं और बुजुर्गों में मतदान के प्रति खासा उत्साह देखा गया। राज्य भर से देर रात तक प्राप्त जानकारी के अनुसार करीब 76 फीसदी मतदान हुआ है।

पुलिस के अनुसार, प्रारंभिक जांच में दो समूहों के बीच टकराव की बात सामने आई है, जो उनके संबंधित अभियानों के दौरान रास्ता देने को लेकर विवाद के बाद शुरू हुआ था। कांग्रेस उम्मीदवार नातीराजा के समर्थकों और भाजपा उम्मीदवार अरविंद पटेरिया के समर्थकों के बीच विवाद ने उस समय हिंसक रूप ले लिया, जब एक समूह ने कथित तौर पर कांग्रेस कार्यकर्ता को कुचलने के लिए वाहनों का इस्तेमाल किया, इससे उनकी ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

## नकुलनाथ को मतदान केन्द्र जाने से रोका

**छिंदवाड़ा, देशबन्धु।** पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के सांसद पुत्र नकुलनाथ को यहां एक मतदान केन्द्र पर जाने से रोका गया। जिसके बाद अंदर गए बिना लौट गए। नकुलनाथ के पिता कमलनाथ छिंदवाड़ा से कांग्रेस प्रत्याशी है। उनके सामने भाजपा ने विवेक साहु को मैदान में उतारा है। शुक्रवार सुबह नकुलनाथ राजपाल चौक स्थित पोलिंग बूथ पर निरीक्षण करने पहुंचे थे। नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष विजय पांडेय ने उन्हें वार्ड 25 बरारीपुरा के बूथ 25 के अंदर जाने नहीं दिया। इसके बाद ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

## भिंड, लहार अटेर और सुमावली के प्रत्याशियों को किया नजर बंद

**भोपाल, देशबन्धु।** चुनाव की दृष्टि से संवेदनशील ग्वालियर-चंबल क्षेत्र में सुरक्षा की दृष्टि से कड़े इंतजाम किए गए थे। प्रशासन ने एहतियात के तौर पर भिंड, लहार, अटेर और सुमावली के प्रत्याशियों को नजर बंद कर लिया था, ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति को टाला जा सके।

बताया जाता है कि शांतिपूर्ण मतदान के लिए कांग्रेस प्रत्याशी राकेश चौधरी, भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी नरेन्द्र सिंह कुशवाह और बहुजन समाज पार्टी प्रत्याशी संजीव सिंह को नजरबंद कर दिया गया है। इन सभी लोगों को सर्किट हाउस में बैठाया गया है। इसी प्रकार लहार विधान सभा के कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. गोविन्द सिंह, बसपा प्रत्याशी रसाल सिंह और भाजपा प्रत्याशी अम्बरीश शर्मा को सर्किट हाउस में नजर बंद किया गया है। भिण्ड जिले की मेहगांव और गोहद विधानसभा में किसी भी प्रत्याशी को नजर बंद नहीं किया गया है। प्रशासन ने मतदान के दौरान शांति बनी रहे इसलिए यह व्यवस्था की है। अटेर विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी हेमंत कटारे, भाजपा प्रत्याशी अरविन्द्र भदौरिया और भाजपा प्रत्याशी के बडे भाई देवेन्द्र भदौरिया को सर्किट हाउस के समर हाउस में नजर बंद किया गया है। इसी तरह सुमावली के कांग्रेस प्रत्याशी अजब सिंह कुशवाह, भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी एंदल सिंह कंसाना और बहुजन समाज पार्टी प्रत्याशी कुलदीप सिंह सिकरवार को नजरबंद कर दिया गया है।

## मतदान से पहले पार्षद की हत्या, भाजपा प्रत्याशी सहित 20 पर मामला दर्ज

छतरपुर जिले में मतदान से पहले शुक्रवार तड़के भाजपा और कांग्रेस समर्थकों के बीच झड़प के दौरान एक पार्षद की मौत हो गई। मृतक की पहचान खजुराहो के मंजूर नगर गांव के निवासी सलमान खान के रूप में हुई, जिसे कथित तौर पर भाजपा उम्मीदवार अरविंद पटेरिया और उनके समर्थकों से जुड़े वाहनों ने कुचल दिया था। इस मामले में पुलिस ने भाजपा प्रत्याशी अरविंद पटेरिया सहित उनके 20 समर्थकों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। यह घटना राजनगर विधानसभा क्षेत्र में रात करीब 2 बजे हुई। इस घटना के वक्त पीड़ित के साथ राजनगर सीट से कांग्रेस प्रत्याशी विक्रम सिंह नातीराजा भी थे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुपम राजन ने इस घटना को लेकर कहा कि यह मतदान पूर्व की घटना है। पुलिस इस मामले में जांच कर रही है।

## मतदान केंद्र पर करंट लगने से 1 की मौत, 3 गंभीर घायल

**हरदा, देशबन्धु।** विधानसभा क्षेत्र के एक मतदान केन्द्र पर करंट लग जाने से 1 की मौत हो गई, जबकि 3 गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए हरदा अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक घटना ग्राम धनगांव स्थित मतदान केन्द्र पर घटी, जहां शुक्रवार सुबह 8 बजे के करीब 4 लोग करंट की चपेट में आ गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि मतदान केन्द्र पर अधिकारियों ने टेंट निकालने को कहा गया था, जिसके बाद जब लोग टेंट दूसरे स्थान पर रखने लगे, इसी दौरान टेंट के पाईप हाईटेंशन लाईन से टकरा गए, इस हादसे में 4 लोग बुरी तरह से झुलस गए। जिसके बाद उन्हें अस्पताल पहुंचाया, लेकिन तब तक उनमें से सुनील पिता भूरेलाल (27) की मृत्यु हो चुकी थी। वहीं सचिव अनिल विश्नोई, ब्रज विश्नोई, सहित कैलाश नाम के 3 व्यक्ति गंभीर घायल हो गए। मृतक के भाई लोकेश विश्नाई ने बताया कि वह पहचान पत्र नहीं लाया था, जिसे लेने के लिए वह घर जा रहा था। कि ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

## विक्रांत भूरिया के वाहन पर हुआ पथराव, गाड़ी के कांच फूटे, सुरक्षाकर्मी घायल



**झाबुआ, देशबन्धु।** झाबुआ विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. विक्रांत भूरिया के वाहन पर गुरूवार रात में जिला मुख्यालय से 8 किलोमीटर दूर अंतरवेलिया में पथराव किया गया। अज्ञात लोगों द्वारा किए गए पथराव में उनके वाहन क्रमांक एमपी 45 सी 1818 के कांच फूट गए और उनके सुरक्षाकर्मी को गंभीर चोट आई है। डॉ. विक्रांत ग्रामीण क्षेत्र में कार्यकर्ताओं से संपर्क कर वापस आ रहे थे। उनके साथ स्थानीय पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी थे। घटना के बाद वे अपने समर्थकों के साथ झाबुआ पुलिस कोतवाली पहुंचे तो अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया। कांग्रेस के कद्दावर आदिवासी नेता कांतिलाल भूरिया के पुत्र और युवक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. विक्रांत भूरिया ने जानकारी देते हुए कि वे अपने कार्यकर्ताओं से मिलने ग्राम अंतरवेलिया गए थे। वहां पर कुछ लोगों ने जबरदस्त पत्थरबाजी शुरू कर दी। जिसमें गाड़ियों के कांच भी फोड़ दिए गए। उनके सुरक्षाकर्मी जयसिंह ठाकुर (45 वर्ष) को गंभीर चोट आई है। उनके पीएसओ को कांच फोड़ कर पीछे से पत्थर लगा है। डॉक्टर भूरिया ने कहा कि यह भाजपा की बौखलाहट ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

## शिवराज-कमलनाथ दोनों ने किया जीत का दावा

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने आज मतदान करने के बाद अपनी-अपनी सरकार बनने का दावा किया है। मुख्यमंत्री ने मतदाताओं पर भरोसा जताते हुए कहा कि जनता प्रदेश के विकास के लिए एक बार फिर भाजपा को वोट करेगी। वहीं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ को भी प्रदेश के मतदाता पर पूरा भरोसा है, उन्होंने कहा कि मतदाता सच्चाई का साथ देंगे। इसके साथ ही कमलनाथ ने भाजपा पर आरोप लगाया कि वो कई स्थानों पर पैसा, पुलिस और प्रशासन का दुरुपयोग कर रही है।

## शिवराज ने कहा- पूरा करेंगे हर संकल्प, मप्र को सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाएंगे

**भोपाल, देशबन्धु।** सीहोर जिले में अपने ग्रह ग्राम जैत में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सपरिवार वोट डाला। वोट डालने के बाद उन्होंने मीडिया से कहा कि भाजपा की सरकार पिछले 18 वर्षों में प्रदेश के विकास के अभूतपूर्व काम किए है, बीमारू प्रदेश को विकसित राज्य बनाया है। उन्होंने कहा कि अब हम मध्यप्रदेश को देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाना चाहते हैं, देश का। उन्होंने कहा है कि हमने जो कल्याणकारी योजनाएं चलाई हैं, उनसे लोगों जिंदगी में बदलाव हुआ है। श्री चौहान ने कहा कि इन कामों को लगातार जारी रखने के लिए आपको भाजपा को आशीर्वाद देना है।



उन्होंने यहां 3 बातों का जिक्र करते हुए बताया कि अब तक जो किया है जनता वो जानती है। इसके अलावा आगे जो हमारी प्राथमिकता है वो हमने संकल्प पत्र में बताया है। श्री चौहान महिलाओं के जीवन को खुशहाल बनाने, शिक्षा स्वास्थ्य व्यवस्था में और विकास करना और किसान के जीवन में समृद्धि लाना तथा गरीब कल्याण हमारा संकल्प है। संकल्प पत्र की एक एक बार तो पूरा किया जाएगा।

## कमलनाथ ने लगाया पैसा, पुलिस, प्रशासन के दुरुपयोग का आरोप


**भोपाल, देशबन्धु।** पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने छिंदवाड़ा में मतदान के बाद कांग्रेस की जीत का दावा किया है। उन्होंने कहा कि आज पूरा प्रदेश मतदान कर रहा है और मुझे प्रदेश पर विश्वास है कि वो प्रदेश की तस्वीर बदलने के लिए सच्चाई को वोट देंगे। बाद में भोपाल में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कमलनाथ ने कहा कि भाजपा के पास अभी भी कुछ घंटों तक पुलिस पैसा और प्रशासन है, मुझे लगातार इस बात की शिकायतें मिल रही हैं। उन्होंने कहा कि मुझे लोगों ने वीडियो भेजे हैं और वीडियो कॉल किए है वो क्या कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की इतनी सीटें आएंगी, मैं यह बात जनता पर छोड़ता हूं। उन्होंने कहा कि 3 तारीख को परिणाम सामने आ जाएगा।



कमलनाथ ने कहा कि इंदौर-1 में थाने में झगड़ा फसाद किया, इस बात की शिकायत मैने पुलिस आयुक्त से शिकायत की है। कमलनाथ ने पत्रकारों ने कहा कि पुलिस अधीक्षक मुरैना भाजपा कार्यकर्ता के रूप में काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे में जब भाजपा के पास कुछ कहने के लिए नहीं है तो वो हमपर जबरन आरोप लगा रहे हैं।


### प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा-

## बढ़ा मतदान प्रतिशत, भाजपा को महिलाओं का मिला आशीर्वाद



**भोपाल, देशबन्धु।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष और सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने विधानसभा चुनाव में हुए मतदान का प्रतिशत बढ़ने को भाजपा के पक्ष में बताया है। मतदान प्रतिशत 75 से ऊपर 80 प्रतिशत तक पहुंच सकता है। उन्होंने मीडिया से कहा कि मतदान प्रतिशत बढ़ने के पीछे पार्टी द्वारा चलाए गए मोदी के मन में एमपी और एमपी के मन में मोदी अभियान को कारण बताया है। उन्होंने कहा कि एमपी के मन में मोदी और मोदी के मन में एमपी अभियान के साथ 41 लाख से अधिक भाजपा कार्यकर्ताओं ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए अथक परिश्रम किया है। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की कुशल रणनीति व संगठन तंत्र की मजबूती, पार्टी के एक-एक कार्यकर्ता द्वारा 64,530 बूथों पर की गई, मेहनत का परिणाम है कि प्रदेश में मतदान प्रतिशत बढ़ा है। छतरपुर में भाजपा कार्यकर्ताओं पर कांग्रेस पार्षद की हत्या के आरोप को पार्टी प्रदेशाध्यक्ष ने झूठा बताया है। उन्होंने कहा कि बीती देर ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

## वरिष्ठ साहित्यकार यात्री का निधन



**नई दिल्ली, देशबन्धु।** हिन्दी के वरिष्ठ साहित्यकार से.रा. यात्री का आज सुबह निधन हो गया। उन्होंने कवि नगर, गाजियाबाद के अपने घर पर अंतिम सांस ली। वे कुछ समय से बीमार थे। 10 जुलाई 1932 को उप्र के मुजफ्फरनगर में जन्मे सेवाराम यात्री साहित्य की दुनिया में से.रा.यात्री के नाम से मशहूर हुए। उन्होंने करीब 18 कथा संग्रह, 33 उपन्यास, दो व्यंग्य संग्रह लिखे। इसके अलावा एक कथा संग्रह और संस्मरण कृति का संपादन किया। उनके उपन्यासों में दराजों में बंद दस्तावेज, लौटते हुए, कई अंधेरों के पार, अपरिचित शेष, चांदनी के आरपार, बीच की दरार, टूटते दायरे, चादर के बाहर, प्यासी नदी, भटका मेघ, आकाशचारी, आत्मदाह, बावजूद, अंतहीन, प्रथम परिचय, जली रस्सी, युद्ध अविराम, दिशाहारा, बेदखल अतीत, सुबह की तलाश, घर न घाट, आखिरी पड़ाव, एक जिंदगी और, अनदेखे पुल, कलंदर, सुरंग के बाहर, कथा संग्रह में केवल पिता, धरातल, अकर्मक क्रिया, टापू पर अकेले, दूसरे चेहरे, अलग-अलग अस्वीकार, काल विदूषक, सिलसिला, अकर्मक क्रिया, खंडित संवाद, नया संबंध, भूख तथा अन्य कहानियाँ, अभयदान, पुल टूटते हुए, विरोधी स्वर, खारिज ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

### कांग्रेस का तेलंगाना विधानसभा चुनाव के लिए घोषणा पत्र जारी, मतदताओं को 6 गारंटियां दी

# किसानों को 15 हजार, बेघरों को 5 लाख देने का वादा

- हर परिवार को 2 सौ यूनिट बिजली फ्री
- महिलाओं को हर माह देंगे 25 सौ रुपए

**हैदराबाद, एजेंसी।** तेलंगाना विधानसभा चुनाव के शुक्रवार 17 को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने घोषणा पत्र जारी किया। कांग्रेस ने मैनिफेस्टो में 6 गारंटी 'अभय हस्तम' देने का वादा किया है।

पार्टी ने महिलाओं और किसानों पर फोकस करते हुए कई योजनाओं को मैनिफेस्टो में शामिल किया है। कांग्रेस ने बेघरों और छात्रों को 5 लाख रुपए देने का वादा किया है। साथ ही महिलाओं हर महीने ढाई हजार रुपए और फ्री बस यात्रा की सुविधा देने की बात कही है। वहीं राज्य के सभी किसानों के लिए 15 हजार देने की घोषणा की है। इस मौके पर टीपीसीसी अध्यक्ष रेवंत रेड्डी और नेता प्रतिपक्ष बट्टी विक्रमार्का हैदराबाद के गांधी भवन में मौजूद रहे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि घोषणापत्र हमारे लिए गीता, कुरान या बाइबिल की तरह है। हम इसे लागू करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी छह गारंटी



**घोषणापत्र हमारे लिए गीता, कुरान या बाइबिल की तरह : खड़गे**

को मंत्रिमंडल की पहली बैठक में लागू करने के लिए पारित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी छह गारंटी को मंत्रिमंडल की पहली बैठक में लागू करने के लिए पारित किया जाएगा।

कर्नाटक की महिलाएं राज्य में आज कहीं भी जा सकती हैं। बस में मुफ्त यात्रा के कारण कर्नाटक में महिलाएं विभिन्न मंदिरों में जा रही हैं। हम तेलंगाना को दी गई सभी छह गारंटी को लागू करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव पर निशाना साधते हुए कांग्रेस प्रमुख ने कहा कि आज, मैं चुनौती दे सकता हूं और कह सकता हूं कि मोदी और केसीआर मिलकर जो भी प्रयास करें, कांग्रेस निश्चित रूप से सत्ता में आएगी। राव का मजाक उड़ाते हुए उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कहते हैं कि वह सेवानिवृत्त होने के लिए तैयार ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

## तेलंगाना में आएगा कांग्रेस का तूफान



हैदराबाद। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि राज्य के विधानसभा चुनाव में उनकी पार्टी के समर्थन का तूफान आने वाला है और सत्तारूढ़ बीआरएस बुरी तरह हारेगी। खम्मम जिले के पिनापाका में एक रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि बीआरएस का भ्रष्टाचार पूरे राज्य में देखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का पहला लक्ष्य तेलंगाना में जनता की सरकार बनाना है और उसके बाद केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार को बाहर किया जाएगा। राहुल गांधी ने कहा कि केसीआर को पता चल गया है कि तेलंगाना में ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

## कांग्रेस में शामिल हुई अभिनेत्री विजयशांति

तेलंगाना विधानसभा चुनाव से पहले पूर्व सांसद व मशहूर अभिनेत्री विजयशांति ने कांग्रेस ज्वाइन कर लिया है। उन्होंने हाल ही में भाजपा से इस्तीफा दे दिया था। विजयशांति ने 2009 में अपना राजनीतिक करियर शुरू किया और बीआरएस (तब टीआरएस) के टिकट पर मेडक लोकसभा सीट से सांसद चुनी गईं थीं। बाद में तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव के साथ मतभेदों की वजह से वे कांग्रेस में शामिल हो गईं थीं और उसी निर्वाचन क्षेत्र से उन्होंने फिर से चुनाव लड़ा था, जिसमें उन्हें हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद विजयशांति 2020 में भाजपा में शामिल हो गईं थीं।

## सार समाचार

### 6 दिसंबर से शुरू होंगी 9वीं से 12वीं तक की अर्द्धवार्षिक परीक्षाएं

**गुना, देशबन्धु।** शैक्षणिक सत्र 2023-24 की कक्षा 9 वीं से 12 वीं तक की अर्द्धवार्षिक परीक्षाओं के लिए टाइम टेबल जारी हो चुका है। आगामी 6 दिसंबर से 16 दिसंबर तक परीक्षाएं आयोजित की जाएगी। टाइम टेबल के अनुसार 6 दिसंबर से 15 दिसंबर तक सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक कक्षा 9वीं एवं 10 वीं की परीक्षा आयोजित होंगी। जबकि कक्षा 11 वीं एवं 12 वीं की परीक्षाएं 6 दिसंबर से 16 दिसंबर तक दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक आयोजित होंगी। शैक्षणिक कैलेंडर के अनुसार नवंबर तक के पाठ्यक्रम एवं माध्यमिक शिक्षा मंडल के माध्यम से जारी अंक योजना के आधार पर परीक्षा आयोजित की जाएगी। 6 दिसंबर से आयोजित अर्द्धवार्षिक परीक्षाओं के दौरान ही 16 दिसंबर तक प्रायोगिक विषयों की परीक्षाएं आयोजित कर ली जाएंगी, जिसे प्राचार्य अपनी सुविधाओं के अनुसार आयोजित करवा सकते हैं। लोक शिक्षण संचालनालय से जारी दिशा निर्देश के अनुसार परीक्षा के दौरान कोई सार्वजनिक या स्थानीय अवकाश भी घोषित किया गया, तो भी परीक्षाएं यथावत कार्यक्रम के अनुसार संचालित होंगी।

### नहाय-खाय के साथ शुरू छठ महापर्व

**गुना, देशबन्धु।** उत्तर भारत का प्रमुख त्यौहार छठ महापर्व का शुभारंभ शुक्रवार को नहाय-खाय के साथ हुआ। छठ का पर्व कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि से शुरू होता है। इस दौरान पंचमी को खरना, षष्ठी को डूबते सूर्य को अर्घ्य और सप्तमी को उगते सूर्य को जल अर्पित कर व्रत संपन्न किया जाता है। चार दिन चलने वाला इस पर्व में सूर्य और छठी मैया की पूजा की जाती है। इसमें व्रती पूरे 36 घंटे का निर्जला व्रत रखती है। इसलिए छठ व्रत को कठिन व्रतों में एक माना गया है। महापर्व का समापन 20 नवंबर को होगा। उल्लेखनीय है कि गुना में भी बड़ी संख्या में बिहार, उप्र के श्रद्धालु छठ पर्व मनाते हैं। इस मौके पर स्थानीय सिंगवासा तालाब पर छठ पूजन के कार्यक्रम होते हैं। इसको लेकर नपा द्वारा हर वर्ष आवश्यक तैयारियां की जाती हैं। 19 की शाम एवं 20 नवंबर की सुबह सूर्य देवता को अर्घ्य देने व्रती परिवार के साथ पहुंचेंगी।

### शोभायात्रा के साथ आज से शुरू होगा कल्पद्रुम महामंडल विधान

**गुना, देशबन्धु।** शहर में मुनिश्री आगम सागरजी, मुनिश्री पुनीत सागरजी महाराज के सानिध्य एवं विधानाचार्य संजीव भैया कटंगी के निर्देशन में कल्पद्रुम महामंडल विधान का शुभारंभ 18 नवंबर से होगा। इस मौके पर तड़के भव्य शोभायात्रा श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन बड़ा मन्दिर से निकलेगी। इसमें शुद्ध धोती-दुपट्टे में श्रद्धालु श्रीजी की 108 प्रतिमाओं को मस्तक पर लेकर चलेंगे। साथ ही माता जिनवाणी के साथ-साथ, मुनिद्वय भी शोभायात्रा में रहेंगे।

### जिले में रिकॉर्ड 78.77 फीसदी मतदान

# राघौगढ में 82.16 तो गुना में 71.54 प्रतिशत पड़े वोट






- देर शाम तक लगी रहीं लंबी-लंबी कतारें
- शांतिपूर्ण रहा मतदान
- पुलिस की चाकचौबंद रही व्यवस्थाएं

**गुना, देशबन्धु।** लोकतंत्र का पर्व विधानसभा चुनावों के लिए गुना, बमोरी, राघौगढ़ एवं चांचौड़ा में शुक्रवार को शांतिपूर्ण मतदान हुआ। इस दौरान अधिकांश जगह शांतिपूर्ण और नियमित मतदान चला। तो कहीं-कहीं धीमे मतदान के कारण मतदाताओं में गुस्सा देखने को मिला। इस दौरान सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक जिले में आज 1092 मतदान केंद्रों पर मतदान किया गया। जिले में कुल मतदाताओं की संख्या 9 लाख 33 हजार 101 है, पुरूष 4,83,678 तथा महिला 4,49,406 तथा थर्ड जेंडर 17 सहित कुल 9,33,101 जिनमें से आज मतदाताओं द्वारा 692108 मतदान किया गया। जिसका प्रतिशत 74.17 रहा हैं। इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र 28-बमोरी बमोरी के 277 मतदान केन्द्र हैं। जिनमें कुल मतदाता 2 लाख 25 हजार 58 हैं, जिनमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 1,15,890 तथा महिला मतदाताओं की संख्या 1,09,168 हैं, जिनमें से आज 95441 पुरूष तथा 84606 महिला सहित कुल 180047 मतदाताओं द्वारा मतदान किया गया। जिसका प्रतिशत 81.41 है।

इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र 29-गुना में 264 मतदान केन्द्र है। जिनमें मतदाता 2 लाख 35 हजार 110 हैं, जिनमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 1,21,096 तथा महिला मतदाताओं की संख्या 1,14,005 तथा थर्ड जेण्डर 9 थे, जिनमें से आज 88971 पुरूष तथा 79213 महिला एवं थर्ड जेंडर 5 सहित कुल 168189 मतदाताओं द्वारा मतदान किया गया, जिसका प्रतिशत 71.54 है। वहीं विधानसभा क्षेत्र 30-चांचौड़ा में 282 मतदान केन्द्र हैं। जिनमें कुल मतदाता 2 लाख 36 हजार 688, जिनमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 1,23,634 तथा महिला मतदाताओं की संख्या 1,13,050 तथा थर्ड जेण्डर 4 शामिल हैं, जिनमें से आज 92627 पुरूष तथा 80199 महिला थर्ड जेंडर 4 सहित कुल 172830 मतदाताओं द्वारा मतदान किया गया, जिसका प्रतिशत 81.41 है। जबकि विधानसभा क्षेत्र 31-राघौगढ़ में 296 मतदान केन्द्र है जिनमें कुल मतदाता 2 लाख 36 हजार 245 हैं, जिनमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 1,23,058 तथा महिला मतदाताओं की संख्या 1,13,183 तथा थर्ड जेण्डर 04 शामिल थे, जिनमें से 91034 पुरूष तथा 80005 महिला एवं थर्ड जेंडर 3 सहित कुल 171042 मतदाताओं द्वारा मतदान किया गया, जिसका प्रतिशत 82.16 है।

**मतदान क्रमांक 51 पर पूरा स्टॉफ दिव्यांग, धीमी चली वोटिंग तो प्रशासन ने बदला स्टॉफ :** मतदान के दौरान कई जगह कर्मचारियों के चलते मतदान की रफ्तार धीमी रही। जिसके चलते शाम को 5 बजे के बाद अंधेरा होने के बाद भी मतदान केंद्रों पर लंबी-लंबी कतारे देखने को मिली। ऐसा ही मामला गुना विधानसभा के बूढ़े बालाजी क्षेत्र में मतदान क्रमांक 51 हरिपुर रोड पर देखने को मिला। यहां बहुत धीमी गति से मतदान कार्य चल रहा था। जिसके चलते लोग घंटों तक मतदान केंद्र पर लंबी-लंबी कतारों में खड़े रहे। दरअसल उक्त मतदान केंद्र पर प्रशासन ने समंजस न बिठाते हुए सभी मतदानकर्मी दिव्यांगों की ड्यूटी लगा दी। जिसके चलते यहां मतदान का काम बहुत ही धीमा रहा। बाद में प्रशासन तक शिकायत पहुंचने पर प्रशासन द्वारा तत्काल 2 कर्मचारियों को बदला गया। वहीं मतदान केंद्र में रोशनी की व्यवस्था भी कम थी। इसके बाद मीडिया द्वारा एसडीएम को मतदान केंद्र की समस्या के बारे में बताया गया तो एसडीएम ने तुरंत स्टाफ बनाया और 2 मतदान कर्मियों को भेज दिया। इसके बाद हालात कुछ सुधारते हुए दिखाई दिए।

वहीं केंद्र में लाइटिंग भी बढ़ाई गई। इसके बाद मतदान करने आए मतदाताओं ने राहत की सांस ली और फिर कुछ मतदान में गाति हुई। इसके अलावा गुना विधानसभा के ग्राम खुशालपुर एवं हिनोतियाखुर्द में रोड नहीं होने से नाराज ग्रामीणों ने वोटिंग का बहिष्कार कर दिया। जिसके बाद प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर समझाईश देकर मतदान शुरू कराया।

**मतदाताओं ने जताया आक्रोष :** इस बारे में मतदाताओं ने बताया कि मुझे लगभग दो से ढाई घंटे तक लाईन में लगे हो गया है। वहीं वोटिंग करने में प्रत्येक मतदाता को पांस से सात मिनट लग रहा है। अंदर लाईट की व्यवस्था नहीं है। प्रशासन ने यहां समस्त मतदानकर्मी दिव्यांगजनों की ड्यूटी लगाई है। वहीं लाईट नहीं होने के कारण स्टॉफ मोबाईल की टॉर्च से काम चला रहा है। मतदान करने आई आरती सेलर ने बताया कि दोपहर 1 बजे से वह खड़ी हैं। मैं छोटी बच्ची को घर छोड़कर यहां वोट डालने आई हूं। दो घंटे से अधिक समय हो गया है।

एक अन्य महिला ने बताया कि यहां लाईन में खड़े हुए दो घंटे से अधिक समय हो गया है। बहू को चक्कर तक आ गया है। पानी तक की व्यवस्था नहीं है। वहीं अनीता धाकड़ ने बताया कि हम बच्चों को घर में छोड़कर यहां घंटों से लाईन में लग रहे हैं। एक अन्य पुरूष मतदाता ने बताय कि वह सुबह भी वोट डालने आया था, लेकिन दो घंटे तक लाईन में लगे रहने के बाद वापस लौटकर चला गया था। अब फिर से वह लाईन में काफी देर से खड़ा है। लेकिन अंदर बहुत स्लो वोटिंग चल रही है। इसके अलावा मातापुरा स्थित मतदान केंद्र पर भी देर शाम तक मतदाताओं की लंबी कतारें लगी रहीं। यहां मतदाताओं ने बीएलओ एवं स्टॉफ पर जबरन परेशान करने का आरोप लगाया। कई मतदान केंद्रों पर फॉर्म 46 भी उपलब्ध नहीं रहे।

**प्रत्याशियों ने किया मताधिकार का प्रयोग :** इस दौरान आम मतदाताओं के साथ प्रत्याशी और दिग्गज नेताओ के साथ आमजन भी लोकतंत्र के महापर्व को मनाते हुए बढ़चढ़ कर मतदान किया। इस अवसर पर जिले में 028 बमोरी से भाजपा प्रत्याशी महेंद्र सिंह सिसोदिया ने गुना में वार्ड क्रमांक 2 के बूथ क्रमांक 14 पर मतदान किया। तो वही 029 गुना से भाजपा प्रत्याशी पन्ना लाल शाक्य ने सुबह 8 बजे मानस भवन गुना के सामने शासकीय विद्यालय में परिवार सहित मतदान किया।

चांचौड़ा से भाजपा प्रत्याशी प्रियंका मीणा ने अपने गृह ग्राम पेंची में मतदान किया। जबकि राघौगढ़ से भाजपा प्रत्याशी हिरेंद्र सिंह बंटी बना ने ग्राम पीलाघाटा में मतदान किया। इसी के साथ ही भाजपा जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार ने सिसोदिया कालोनी वार्ड क्रमांक 2 के बूथ क्रमांक 14 मतदान किया। वहीं कांग्रेस से गुना सीट से प्रत्याशी पंकज कनेरिया ने कैंट, बमोरी प्रत्याशी ऋषि अग्रवाल ने एमएलबी स्कूल गुना, जयवर्धन सिंह एवं लक्ष्मण सिंह ने राघौगढ़ में मतदान किया।

**कलेक्टर, एसपी, सीएसपी एवं जिपं सीईओ ने किया मतदान :** इधर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तरूण राठी द्वारा 136 मतदान केन्द्र क्रमांक (पर्यावरण हरित) सहायक संचालक कृषि कार्यालय में जाकर मतदान किया। जिसमें मतदान केन्द्र के आसपास ग्रीन नेट, ग्रीन कापरेट एवं पर्याप्त गमलों की व्यवस्था की गयी है।

कलेक्टर द्वारा मतदान के पश्चात उद्यानिकी परिसर में पौधरोपण किया गया और उपस्थित मतदाताओं को तुलसी का पौधा भी भेंट किया। इसके पश्चात 117 मतदान केन्द्र क्रमांक (जल संरक्षण) सहायक यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी कार्यालय गुना में स्थित आदर्श मतदान केन्द्र का अवलोकन किया गया। इस दौरान हरित दीवार पर कलेक्टर, व्यय प्रेक्षक एवं सीईओ जिला पंचायत द्वारा अपने हस्ताक्षर किये। 24 मतदान केन्द्र क्रमांक शांति पब्लिक स्कूल (पर्यावरण हरित), 14 जिला शिक्षा केंद्र स्थित दिव्यांग मतदान केन्द्र तथा मतदान केन्द्र 16 बीआरसी भवन के अंदर निरीक्षण किया। इस दौरान व्यय प्रेक्षक अनुप कुमार एवं जिपं सीईओ प्रथम कौशिक उपस्थित रहे। इसके अलावा जिपं सीईओ प्रथम कौशिक द्वारा आज मतदान केन्द्र क्रमांक 138 आयकर भवन में जाकर मतदान किया।

इसके पश्चात मतदान केन्द्र क्रमांक 141 सतरंगी मतदान केन्द्र शासकीय कन्या उमावि कैंट गुना का अवलोकन किया गया। जिसमें शतायु मतदाता, दिव्यांग मतदाता, महिला मतदाता एवं नव मतदाताओं को मतदान केन्द्र पर पहुंचने के लिए स्वागत की व्यवस्था की गयी है। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत प्रथम कौशिक द्वारा उद्यानिकी परिसर गुना में पौधरोपण किया। जबकि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय कुमार खत्री द्वारा भी विधानसभा क्षेत्र गुना के मतदान केंद्र क्रमांक 136 सहायक संचालक कृषि कार्यालय गुना पर पहुंचकर अपना मतदान किया गया एवं मतदान के बाद उनके द्वारा मतदान केंद्र परिसर में अशोक का पौधा भी रोपा गया।

# भाजपा प्रत्याशी गोपाल सिंह ने मुल्लानी में किया मतदान



**आष्टा, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश विधानसभा को लेकर आष्टा विधानसभा क्षेत्र में भारी मतदान हुआ। जिन युवा मतदाताओं का पहला वोट आया। उनमें काफी उत्साह देखा गया। भाजपा के समस्त कार्यकर्ताओं ने सभी 335 मतदान केंद्रों पर बूथ जीता चुनाव जीता के मूल मंत्र के साथ जीत के लिए कड़ी मेहनत कर मतदाताओं को घरों से निकाला तथा मतदान कराया। मतदान में पुरुषों के साथ महिलाओं ने भी बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।

आष्टा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी गोपाल सिंह इंजीनियर ने आज सुबह कन्नौद रोड पर स्तिथ बंजारी माता के दर्शन करने के बाद अपने गृह ग्राम मुल्लानी पहुंचे। सर्वप्रथम गोपाल सिंह इंजीनियर ने अपने पैतृक घर पहुंचकर अपनी पूज्य माताश्री के दर्शन किए और मां का आशीर्वाद लेकर उन्होंने मुल्लानी में मतदान केंद्र पर पहुंचकर मतदान किया। भाजपा आष्टा विधानसभा क्षेत्र के सभी 6 मंडलों के अध्यक्ष एवं चुनाव कार्य मे लगे समस्त पदाधिकारियों ने बूथ तक के सभी देवतुलय कार्यकर्ताओं और समस्त मतदाताओं का, चुनाव कार्य मे लगे सभी अधिकारियों, कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया।

## कॉन्वेंट स्कूल में अलीपुर मे सजेगा मार्टिनेट लोक

**आष्टा, देशबन्धु।** प्रत्येक वर्ष की तरह बाल दिवस को इस बार मार्टिनेट कांवेंट हॉयर सैकेण्ड्री स्कूल अलीपुर मे नये अन्दाज के साथ मनाया जाएगा। 14 नवम्बर को दीपावली अवकाश होने के कारण 18 नवम्बर दिन शनिवार को समय सुबह 10 बजे से विद्यालय परिसर मे ही यह बाल मेला सजाया जायेगा। जिसे मार्टिनेट लोक नाम दिया गया है। विद्यालय के संचालक नोशे खान ने सभी से इस मार्टिनेट लोक मे पधारने का निवेदन करते हुये विद्यार्थियों द्वारा लगाये गये स्टॉल पर स्वादिष्ट व्यंजनों का आनन्द लेने के लिये सभी को आमंत्रित किया है। साथ ही विद्यालय के प्राचार्य विनीत त्रिवेदी ने बताया कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व के सम्पूर्ण विकास के लिये किताबी पढ़ाई और ज्ञान के अलावा इस प्रकार की गतिविधिया भी अत्यंत आवश्यक है जो उन्हें जीवन मे सफल होने के लिये एक नया आयाम प्रदान करती है। उन्होंने सभी नगर वासियों से और नगर के समस्त विद्यार्थियों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या मे इस मार्टिनेट लोक का अवलोकन करने के लिये पधारे आप सभी आमंत्रित है ताकि विद्यार्थियों को भी एक नई दिशा मिले और उनका उत्साहवर्धन हो।

# दूसरे दिन भी बसों के लिए परेशान होते रहे यात्री, ट्रेनों में रही भीड़



**गुना, देशबन्धु।** लगातार दूसरे दिन जिला मुख्यालय सहित अंचलभर में बसों के नहीं चलने से यात्री परेशान हुए। शहर के जज्जी बस स्टैंड से ग्रामीण और अन्य जिलों के रूट पर करीब तीन सैकड़ा से अधिक बसें प्रतिदिन चलती है। शुक्रवार को इक्का-दुक्का बसें ही जज्जी बस स्टेंड पर दिखाई दी। जिसके चलते लोग ऑटो, टैक्स एवं स्वयं की मोटर सायकिल पर यात्रा करते दिखे। वहीं बसें आदि नहीं चलने के कारण ट्रेन में भारी भीड़ रही। बसें नहीं होने से सबसे से ज्यादा म्याना, आरोन, कुंभराज, बीनागंज, राघौगढ़, बमोरी, फतेहगढ़, अशोकनगर से लेकर भोपाल, ग्वालियर, इंदौर के लिए यात्रा करने वाले यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। कई यात्री घंटों तक बस के इंतजार में बैठे रहे। ऐसे में जो बसें आई वे भी खचाखच भरी होने से यात्रियों को बैठने की जगह तो दूर, खड़े रहने की जगह नहीं मिली। शहरी क्षेत्र से गांव में मतदान करने आए परिवार को भी घंटों तक खड़े होकर बसों का इंतजार करते रहे। जज्जी बस स्टैंड पर आधा दर्जन बसें ही खड़ी थी।

ट्रेन से आने वाले यात्री ऑटो का सहारा ले रहे है। दरअसल शुक्रवार को विधानसभा चुनाव का मतदान को लेकर चुनाव पार्टियों को छोडने के लिए पुलिस और जिला प्रशासन ने बड़ी संख्या में बसों को अधिग्रहण किया था। शुक्रवार की सुबह से दोपहर तक बस स्टैंड पर सन्नाटा छाया रहा।

सैकड़ों बसों की संख्या में से इक्का-दुक्का बसें ही खड़ी थी। इस दौरान परेशान यात्री कोई लोडिंग वाहन का सहारा ले रहा था तो कोई आधी-आधी दूरी पर जाने के लिए तैयार हो रहा था।

**चुनाव के लिए अधिग्रहित हो गई बसें :** दुकानदार और बस कंडक्टर का कहना था कि विधानसभा चुनाव के लिए 15 दिन पहले से बसों को अधिग्रहित करने का कार्य पुलिस और प्रशासन द्वारा किया जा रहा है। उसके लिए सैकड़ों की संख्या में बसों को अधिग्रहित कर लिया गया है। जिसके कारण बस स्टैंड पर बसों की संख्या कम हो गई और आवागमन प्रभावित हो रहा है।

# रात होते ही सर्द हवाओं ने पकड़ा जोर



**गुना, देशबन्धु।** पश्चिमी विक्षोभ का असर समाप्त होते ही ठंड ने ऐसा जोर मारा कि रात को न्यूनतम पारा 13 डिग्री तक आ गया। सर्द सीजन में पहली बार रात का तापमान 13 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। पिछले तीन दिनों से लगातार अंचल रात होते हुए सर्द हवाओं का दौर जारी है। एक माह पूर्व न्यूनतम तापमान पहली बार 14 डिग्री तक नीचे आया था। इसके बाद लगातार आते गए पश्चिमी विक्षोभ और चक्रवात के असर से तापमान 18 डिग्री तक बढ़ गया था। फिलहाल मौसम के बदले मिजाज से वातावरण में ठंडक घुल गई है। तीन से चार किमी प्रति घंटे की रफ्तार से आ रही उत्तरी-पूर्वी हवा ने सिहरन बढ़ा दी है। शुक्रवार को भी दिन में जहां धूप के बीच ठंडक महसूस की गई वहीं रात में भी ठंड का असर बरकरार रहा।

मौसम विभाग की मानें तो पश्चिमी विक्षोभ का असर पूरी तरह समाप्त हो गया है। दो-तीन दिनों तक मौसम इसी तरह बना रहेगा। आने वाले दिनों में रात का तापमान और गिरेगा वहीं दिन के तापमान में भी गिरावट आने की संभावना है। यानी ठंड का असर अभी और बढ़ेगा। शुक्रवार को सर्दी का असर बढने से रात में जरूरी कार्य से आने-जाने वाले जहां गर्म कपड़े पहनकर निकले वहीं फुटपाथ में रहने वाले आग जलाकर ठंड से बचाव करते नजर आए। रात बढने के साथ ही ठंड का असर भी बढ़ता गया। इस दौरान शुक्रवार को अधिकतम तापमान 29 डिग्री रिकार्ड किया गया। वहीं न्यूनतम 32 डिग्री दर्ज किया गया।

## अति प्राचीन श्री द्वारकाधीश मंदिर पर हुआ विशाल अन्नकूट प्रसादी भंडारा

**गुना, देशबन्धु।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी शहर के ग्राम पीपरोदा स्थित अति प्राचीन स्थल श्री द्वारकाधीश मंदिर पर छप्पन भोग अन्नकूट प्रसादी भंडारे का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम का आयोजन प्रकाश टॉकीज परिवार द्वारा किया जाता है। श्री द्वारकाधीश भगवान का रंग-बिरंगे फूलों से सुन्दर श्रृंगार किया गया, एवं मंदिर परिसर को आकर्षक लाइट से सजाया गया। मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में महिलाएं भी उपस्थित हुई, जहां संगीतमय भजनों का आयोजन किया गया। शानदार भजनों की धुन पर श्रोताजन जमकर थिरकते नजर आए। उक्त विशाल अन्नकूट भंडारे में गुना सहित आसपास के क्षेत्र से हजारों की संख्या में लोग प्रसादी ग्रहण करने पहुंचे। प्रकाश टॉकीज परिवार में इस धार्मिक आयोजन को लेकर हर्ष का माहौल है आयोजन परिवार की धर्म सोनी द्वारा बताया गया कि बड़े बुजुर्गों के आशीर्वाद से व द्वारकाधीश जी की कृपा से मेरे परिवार को यह धार्मिक आयोजन करने का शुभ अवसर प्राप्त हुआ है।

### बच्ची का इलाज कराकर लौट रहे थे

# मोटरसाईकिल सवार परिवार को पिकअप ने रौंदा

**गुना, देशबन्धु।** चांचौड़ा थानांतर्गत नेत्याखेड़ी में बच्ची का इलाज कराकर लौट रहे मोटरसाईकिल सवार परिवार को नई पिकअप वाहन ने टक्कर मार दी। जिसमें तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी कमलसिंह पुत्र बापूलाल यादव ने थाने में शिकायत दर्ज कराई कि वह अपनी मोटर साईकिल से पत्नी रामसखीबाई के साथ एक साल की बच्ची महक का इलाज कराकर अपने घर नेत्याखेडी लौट रहे थे। वैसे ही वह अपने गांव नेत्याखेडी सरकारी स्कूल के पास पहुंचे तो सामने से गांव का अनारसिंह यादव अपनी नई पिकअप बिना नम्बर को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाकर लाया और मोटरसाईकिल में टक्कर मार दी। जिससे वह मोटरसाईकिल सवार तीनों गिर गए। जिसमें पत्नी रामसखी बाई, बच्ची महक यादव एवं उन्हें चोटें आई हैं। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी पिकअप वाहन चालक पर धारा 279, 337 भादवि के तहत मामला दर्ज किया है।

इधर कुंभराज थानांतर्गत ग्राम रमड़ी-तुलसीखेड़ी के बीच 2 मोटर सायकिलों में भिड़ंत हो गई। जिसमें एक मोटरसाईकिल पर सवार 2 व्यक्ति घायल हो गए। जानकारी के अनुसार फरियादी रामभरोसा पुत्र हजारीलाल मीना अपने साले राधेश्याम मीना के साथ मोटरसाईकिल क्रमांक एमपी 39-2134 से तुलसीखेड़ी से रमड़ी जा रहे थे। तभी तुलसीखेड़ी से थोड़ी आगे एमपी08-7015 के चालक ने तेजी एवं लापरवाही से चलाकर उनमें टक्कर मार दी।

मोटरसाईकिल पर 3 लोग सवार थे। जिसमें उन्हें एवं उनके साले को चोटें आई हैं। स्थानीय लोगों ने दोनों घायलों को कुंभराज अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया है। वहीं पुलिस ने बाईक चालक पर मामला दर्ज किया है।

# बैरसिया में सबसे ज्यादा, दक्षिण-पश्चिम में सबसे कम मतदान


मतदान समाप्ति के बाद मशीनों के साथ सामग्री संग्रहण केन्द्र लौटते हुए मतदान कर्मी

**भोपाल, देशबन्धु।** राजधानी के लगभग 21 लाख मतदाताओं ने शुक्रवार को अपनी नई सरकार चुनने के लिए जिले के कुल 2049 मतदान केंद्रों पर सुबह 7 से शाम 6 बजे तक वे मतदान किया गया। जिले की सातों विधानसभा सीट पर 64.72 प्रतिशत मतदान हुआ। हालांकि यह रात 10 बजे तक की स्थिति है। अंतिम अधिकृत आकड़े जारी होने के बाद मतदान के प्रतिशत में बढ़ोत्तरी हो सकती है।

जिले में सुबह नौ बजे तक 7.13, ग्यारह बजे 19.30, एक बजे 32.83 और पांच बजे तक 59.19 फीसदी मतदान हुआ। शाम 6 बजे मतदान का समय खत्म हो गया। इसके बाद जो लोग मतदान परिसर में पहुंच गए, उन्हीं के वोट डलवाए गए। समाचार लिखे जाने तक सामने आए आंकड़ों के अनुसार बैरसिया विधानसभा क्षेत्र में 72.67 प्रतिशत, भोपाल उत्तर पर 67.8, नरेला में 64.14, भोपाल दक्षिण पश्चिम में 53.2, भोपाल मध्य में 60.1, गोविंदपुरा में 63.03 और हुजूर विधानसभा क्षेत्र में में 70.02 फीसदी मतदान हुआ है। यह स्थिति रात 10 बजे तक लौटे मतदान दलों के सातों विधानसभा क्षेत्र में 2049 ईवीएम और वीवीपीएटी मशीनों का इस्तेमाल किया गया। जिले में 510 मतदान केंद्रों को अति संवेदनशील श्रेणी में रखा गया था। 1044 मतदान केंद्रों की वेबकास्टिंग की गई। यानी इन बूथ पर सीसीटीवी कैमरों से भी नजर रखी गई। वहीं सवा सौ मतदान केंद्रों की वीडियोग्राफी हुई। इसके अलावा सातों विधानसभा में कुल 510 माइक्रो ऑब्जर्वर की तैनाती हुई थी। इसके साथ 185 सेक्टर अधिकारी भी तैनात किए गए। जिले में आदर्श मतदान केंद्र की संख्या 300, पिंक मतदान केंद्र 111 थे। इन पर सभी कर्मचारी महिलाएं ही रहीं। वहीं 7-7 पीडब्ल्यूडी और युवा मतदान केंद्र थे।

जिले की सभी सात विधानसभा सीटों के लिए कुल 96 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। इनमें सबसे ज्यादा 23 उम्मीदवार नरेला विधानसभा सीट से किस्मत आजमा रहे हैं, जबकि सबसे कम 6 उम्मीदवार हुजूर सीट से उतरे हैं। वहीं, 37 निर्दलीय भी डटे हैं। इस चुनाव में कई दिग्गजों की साख भी दांव पर है।

## बाग दिलकुशा में गाड़ियों के कांच फोड़े, आरिफ नगर में भी हंगामा

भोपाल की नरेला विधानसभा के बाग दिलकुशा में मतदान के दौरान अज्ञात युवकों ने पथराव कर दिया। इससे पोलिंग एजेंट बाल-बाल बच गए, जबकि उनकी गाड़ियों के कांच फूट गए। इससे पहले नरेला के ही ऐशबाग इलाके में हिंद कॉन्वेंट स्कूल के मतदान केंद्र पर भाजपा उम्मीदवार विश्वास सारंग जब मतदान केंद्र जा रहे थे उसी समय कांग्रेस कार्यकर्ता ने कोई कमेंट्स कर दिया। इससे सारंग नाराज हो गए और युवक का हाथ झटक दिया। सारंग की प्रतिक्रिया के बाद उनके समर्थक युवक को चांटे मारते हुए खींचकर ले गए । विवाद के बाद कांग्रेस उम्मीदवार मनोज शुक्ला भी पहुंचे। जिनकी पुलिस से झड़प हो गई। मौके पर पहुंचे पुलिस बल ने विवाद कर रहे लोगों को फटकार लगा दी और कुछ देर बाद फिर से मतदान शुरू हुई। ऐशबाग-बाग दिलकुशा में भी भाजपा -कांग्रेस कार्यकर्ताओं में हल्की झड़पें हुईं। भोपाल उत्तर विधानसभा के आरिफ नगर स्थित सहारा मतदान केंद्र पर भी हंगामा हुआ है। यहां भाजपा प्रत्याशी आलोक शर्मा जब मतदान केंद्र पर पहुंचे तो कांग्रेस कार्यकर्ता भड़क गए और नारेबाजी की गई। इस दौरान कांग्रेस के स्र्आरिफ अकील भी वहां मौजूद थे। अति संवेदनशील मतदान केंद्र के बाहर स्वयं ष्टक्क रियाज इकबाल मतदान खत्म होने तक मोर्चा संभालते रहे। वहीं, गोविंदपुरा विधानसभा में कई केंद्रों पर दिन भर तनातनी का माहौल रहा। शाम को आनंद नगर में भाजपा-कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भी झड़प हुई। जिसमें कांग्रेस के मतदान केंद्र एजेंट अजय साहू के हाथ में चोटें आई हैं।

## मतदान के दौरान ऐसी रही स्थिति

भोपाल उत्तर में मतदान शांतिपूर्ण रहा। यहां सुबह 7 बजे से ही मतदाताओं की लंबी-लंबी कतारे देखने को मिली। यह स्थिति दिन भर रही। इस दौरान मतदान केन्द्रों के बाहर गहमा-गहमी का माहौल बना रहा। वहीं चुनावी मैदान में उतरे उम्मीदवारों के समर्थक मतदाताओं से अपने समर्थन में मदान की अपील करते रहे। गीतांजली कॉलेज में परिसर में बने चार में से एक मतदान केंद्र पर धीमे मतदान की शिकायत बनी रही। इसी तरह उत्तर विधानसभा क्षेत्र के जुडी हुई मध्य विधानसभा के नए शहर में सुबह 7 बजे से ही मतदान करने पहुंच गए। लेकिन पुराने शहर के जहांगीराबाद, जिंसी, बुधवारा, कमला पार्क में सुबह मतदान की रफ्तार धीमी रही। लेकिन होते-होते कमला पार्क, गिन्नौरी, बुधवारा, हाथीखाना, इतवारा, बैंड मास्ट का चौराहा, जिंसी, जहांगीराबाद वोटर्स की संख्या तेजी से बढ़ी। इससे जाम की स्थिति भी बनी। गिन्नौरी बीटीआई में बने मतदान केन्द्र पर मशीन खराब होने दो घंटे तक इंतजार करना पड़ा। इस दौरान कई इलाकों में छुटपुट घटनाएं भी हुईं।

वहीं नरेला विधानसभा क्षेत्र में मतदान केंद्र में सुबह सात बजे से लोगों की कतारें लगी रहीं। इस दौरान युवाओं, बुजुर्ग, महिलाओं यहां तक की दिव्यांगों में भी उत्साह भरपूर रहा। मतदान केंद्र नंबर-174, 175, 192, 197 और 198 में जो कतारें दोपहर में थी, वही तस्वीर शाम 6 बजे बाद भी देखने को मिली। इस बीच कतारें देख लोग वापस लौटते रहे। इस वजह से 7 बजे तक मतदान होता रहा। वैसे तो विधान क्षेत्र के सभी मतदान केंद्र में भीड़ दिखाई दी, लेकिन भोपाल रेलवे स्टेशन के पास शासकीय हबीबिया स्कूल, सेमरा कला, चांदबड़, खुशीपुरा, दिलकुशा बाग, अशोका गार्डन, अशोक विहार, छोला आदि जगहों पर तीन से पांच कतारें देखी गई। गौतम नगर में 6 बजने में सिर्फ 2 मिनट बचे थे, पीठासीन अधिकारी ने समय खत्म होने की मुनादी की। तभी एक युवती मोटर साइकिल से पहुंची, और मतदान किया। वहीं हर मतदान केंद्र के बाहर भाजपा-कांग्रेस के कार्यकर्ता लोगों को मतदान पर्ची बनवाने में मदद अपने-अपने दल के प्रत्याशी को बोट डालने की अपील करते दिखाई दिए। कई दलों ने लोगों को घर से मतदान केंद्र तक पहुंचाने के लिए ई-रिक्शे की व्यवस्था भी कर रखी थी, जिसमें सवार होकर बुजुर्ग और महिलाएं केंद्र में मतदान करने पहुंचे। मतदान केंद्रों के बाहर पुलिस का पहरा रहा। वहीं क्षेत्र की ज्यादातर दुकानों में ताला टंगा रहा, हांलाकि कुछ दुकानदारों ने बारी-बारी से मतदान किया।

उधर भोपाल दक्षिण-पश्चिम विधानसभा में सुबह से शाम तक मतदानकी रफ्तार धीमी गति से चलती रही। मतदान की रफ्तार धीरे होने के चलते वार्ड 30 के बूथ क्रमांक 227 और वार्ड नंबर 24 के मतदान केन्द्र क्रमांक 119 और 120 पर मतदान का समय खत्म होने के बाद भी मतदान होता रहा। इस बीच कांग्रेस और भाजपाके प्रत्याशी अपने-अपने नियंत्रण कक्ष में मतदान की स्थितियों जानकारी लेते रहे। इस क्षेत्र से चुनाव मैदान में उतरे प्रमुख दल भाजपा-कांग्रेस के उम्मीदवार खासे सक्रिय रहे। उधर भोपाल की सबसे अधिक मतदाता वाली गोविंदपुरा विधानसभा में इंद्रपुरी, सोनागिरी, अयोध्या नगर, साकेत नगर, बरखेड़ा पठानी समेत अन्य इलाकों में भी मतदान के लिए दिन भर लंबी कतार लगी रही। इसके अलावा अवधपुरी क्षेत्र के स्न्ररूस्कूल में पिंक मतदान केंद्र में कुछ मतदाताओं ने मतदान में देरी पर मतदान दल के साथ बहस भी की। वहीं हुजूर विधानसभा में मतदाताओं में उत्साह नजर आया। मतदान केंद्रों में सुबह से कतारें लगी रही, जो दोपहर बाद थोड़ा कम हुई। बैरागढ़- कोलार क्षेत्र में भाजपा-कांग्रेस दोनों ही दलों के प्रत्याशियों के समर्थक सुबह से ही सक्रिय रहे। समर्थकों की सक्रियता के चलते गहमागहमी का माहौल बना। हालांकि, किसी भी केंद्र पर विवाद की स्थिति नहीं बनी।


दक्षिण पश्चिम विधानसभा के हर्षवर्धन नगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर के मतदान केन्द्र क्रमांक 182 पर मतदाताओं की लंबी कतार लगी नजर आई।


भोपाल मध्य विधानसभा के जहांगीराबाद में महिला मतदाताओं की लगी लंबी कतार रही।


नरेला विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र 131 और 136 सेमरा कलां पर महिला मतदाताओं की कतार लगी थी।


भोपाल उत्तर विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र पर महिला मतदाताओं की लंबी-लंबी कतार नजर आई।


मतदान केंद्र के बाहर राजनीतिक दलों ने मतदाताओं की सुविधा के लिए अपने काउंटर बनाए गए थे।


बाग दिलकुशा में अज्ञात युवकों ने मतदान केंद्र के बाहर पथराव कर दिया। इससे पोलिंग एजेंट की गाड़ियों के कांच टूट गए।


पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह पत्नी अमृता के साथ मतदान करने पहुंचे।


भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने रोज मेरी स्कूल के भाग क्रमांक 223 में मतदान किया।


नरेला विधानसभा से भाजपा उम्मीदवार विश्वास सारंग, पत्नी रूमा, बेटी भूमिका और बेटे उत्सव सारंग के साथ मतदान करने पहुंचे।


दक्षिण-पश्चिम से भाजपा प्रत्याशी ध्रुवनारायण सिंह अरेरा कॉलोनी स्थित मतदान केंद्र पर मतदान करने पहुंचे।


मध्य विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी आरिफ मसूद ने उत्तर विधानसभा के शाहजहानाबाद पुलिस लाइन मतदान केंद्र पर मतदान किया।


उत्तर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी आतिफ अकील ने मतदान किया।


हुजूर से भाजपा प्रत्याशी रामेश्वर शर्मा पत्नी के साथ मतदान करने पहुंचे।


दक्षिण-पश्चिम से भाजपा प्रत्याशी भगवानदास सबनानी मतदान के पूर्व मंदिर में पूजा करने पहुंचे।


मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने पत्नी के साथ चार इमली स्थित मतदान केंद्र पर वोट डाला।


संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी बसंत कुर्रे पत्नी रीना के साथ मतदान करने पहुंचे।


कलेक्टर आशीष सिंह ने पत्नी कथा कार्तिकी के साथ दक्षिण-पश्चिम विधानसभा के चार इमली स्थित मतदान केन्द्र पर मतदान किया।


सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी भुवन गुप्ता और उप राजस्व आयुक्त नीतू गुप्ता ने चार इमली स्थित मतदान केंद्र पर मतदान किया।

### बैरसिया में रात साढ़े 8 बजे तक हुआ मतदान

उधर भोपाल जिले की सुरक्षित विधानसभा सीट बैरसिया में ग्रामीण इलाकों में मतदान केंद्रों पर सुबह से मतदाताओं के पहुंचने का सिलसिला चला। शहरी क्षेत्र में धीमी मतदान के बाद शाम को रफ्तार बढ़ी। इसका असर यह हुआ कि कई मतदान केंद्रों में तय समय 6 बजे के बाद भी मतदान होती रही। एसडीएम विनोद सोनकिया ने बताया कि लांबाखेड़ा में मतदान केंद्र ईंटखेड़ी पर 7 बजे तक मतदान हुआ। कढ़ैया शाह मतदान केंद्र में रात साढ़े आठ बजे तक मतदान हुआ। इसके बाद यहां से मतदान दल रवाना हुआ। यहां किसी भी मतदान केंद्र में विवाद या झड़प की स्थिति नहीं बनी।

### प्रसव पीड़ा के बीच गर्भवती ने डाला वोट, फिर अस्पताल में बच्चे को जन्म दिया

राजधानी में एक गर्भवती महिला प्रसव पीड़ा के दौरान वोट डालने पहुंची, इसके कुछ देर बाद ही अस्पताल में स्वस्थ्य शिशु को जन्म दिया है। दरअसल करोद वार्ड क्रमांक 78 की सानिया शेख पत्नी सोहेल शेख को संभावित प्रसाव की तारीख 17 नवंबर की तारीख दी थी। इस दौरान प्रसव पीड़ा के बाद भी अपने महिला ने अस्पताल जाने के पहले अपने मतदान केन्द्र पहुंच कर मतदान किया। उसके बाद अस्पताल पहुंचकर प्रसव करवाया गया। सानिया ने बताया, उन्हें बहुत अच्छा लग रहा है कि प्रसव के पहले मतदान किया। इसके बाद शिशु को जन्म दिया। उन्होंने खुश होते हुए अपनी उंगली पर लगी स्याही को दिखाया और कहा कि मैंने जागरूक मतदाता होने का परिचय दिया है।

# अभिमत

## मुफ्त खाद्यान्न और चुनावी वादे



डॉ.अजीत रानाडे

इस महीने की शुरुआत में एक चुनावी रैली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक महत्वपूर्ण घोषणा की थी कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) के रूप में जानी जाने वाली मुफ्त भोजन योजना को पांच साल तक बढ़ाया जाएगा। इस घोषणा का अनुमोदन अभी कैबिनेट में होना है। यह योजना अपने वर्तमान स्वरूप में पिछले कैबिनेट निर्णय के अनुसार दिसंबर 2023 में समाप्त होने वाली है। उम्मीद थी कि कैबिनेट के अनुमोदन के बाद यह योजना अब इसे दिसंबर से आगे पांच साल तक बढ़ा दी जाती पर खाद्य मंत्रालय का आदेश एक वर्ष की अवधि का उल्लेख करता है। इसके तहत भारत की 81.4 करोड़ लोगों को प्रति माह प्रति व्यक्ति पांच किलो मुफ्त राशन प्रदान दिया जाता है। पीएमजीकेएवाई का आरंभ कोविड-19 महामारी के दौरान खाद्य असुरक्षा का सामना कर रहे परेशान परिवारों को आपातकालीन राहत प्रदान करने के लिए किया गया था। इसे 2013 में पारित पहले से मौजूद खाद्य सुरक्षा कानून (राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम) के साथ जोड़ा गया था, जो पात्र परिवारों को अत्यधिक सब्सिडी वाले खाद्यान्न प्रदान करता था, जिसमें ग्रामीण भारत का दो तिहाई और शहरी भारत का आधा हिस्सा शामिल था।

खाद्य सुरक्षा कार्यकर्ताओं के एक दशक से अधिक लंबे अभियान के बाद एनएफएसए को संसद में पारित किया गया था जो भुखमरी और भूख के साथ सह-अस्तित्व वाले सरकारी अनाज भंडार में एकाधिकार खरीद योजना के कारण अनाज के बढ़ते स्टॉक से चिंतित थे। कोविड के दौरान सरकार ने एनएफएसए के तहत पात्रता को दोगुना कर दिया और दोगुना आबंटन पूरी तरह से मुफ्त कर दिया। इसलिए 'अत्यधिक सब्सिडी' में मिलने वाले यानी क्रमश: 3, 2 और 1 रुपये प्रति किलो वाले चावल, गेहूं और मोटे अनाज लाभार्थियों को पूरी तरह से मुफ्त में मिलने लगे। इस सीमा तक सरकार पर वृद्धिशील राजकोषीय बोझ कम था क्योंकि अनाज पर वैसे भी अत्यधिक सब्सिडी दी जा रही थी। यह मुफ्त अनाज योजना ही है जिसने बड़ी संख्या में परिवारों को उच्च खाद्य मुद्रास्फीति से सुरक्षा दी है। यदि इसके बजाय प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण के रूप में एक निश्चित राशि दी जाती है तो खाद्यान्न की बढ़ती लागत उन्हें तेजी से अवहनीय बना देगी।

पीएमजीकेएवाई (जिसका नाम कोविड के पहले आवश्यक एनएफएसए प्लस समान आबंटन था) को चार चरणों में कई बार विस्तारित करने के बाद सरकार ने अतिरिक्त घटक (जिसने पात्रता को दोगुना कर दिया था) को बंद करने का फैसला किया और अब केवल एनएफएसए कानून द्वारा गारंटीकृत घटक देता है। लेकिन इसकी कीमत 3, 2 या 1 रुपये तय करने के बजाय यह पूरी तरह फ्री हो गई है और एनएफएसए का नाम बदलकर (शायद अनौपचारिक रूप से) पीएमजीकेएवाई कर दिया गया है। अब एक चुनावी रैली के दौरान प्रधानमंत्री की घोषणा के कारण इसने एक चुनावी वादे को पूरा करने की छवि हासिल कर ली है। लेकिन अगर कैबिनेट वैसे भी 'मुफ्त' योजना को पांच साल तक बढ़ाने जा रही थी तो आदर्श आचार संहिता खत्म होने तक इंतजार क्यों नहीं किया गया? ऐसा प्रतीत होता है कि सत्तारूढ़ दल को ऐसी योजना के लिए श्रेय लेने में अनुचित लाभ मिलता है जिसे जल्द ही कैबिनेट द्वारा पारित किया जाना चाहिए था।

इससे संबंधित कई मुद्दे हैं जिन पर चर्चा करने और बोलने की जरूरत है। सबसे पहले, यह निर्णय देश के भविष्य के राजस्व के कम से कम 110 खरब रुपये की प्रतिबद्धता को व्यक्त करता है। क्या यह आर्थिक रूप से टिकाऊ है? क्या मुफ्त देने के बजाय अनाज की कीमतों को थोड़ा अधिक बढ़ाया नहीं जा सकता है? यहां तक कि एनएफएसए में भी कीमतों में संशोधन की परिकल्पना की गई थी। 2015 से 2022 के दौरान औसत खाद्य मूल्य सूचकांक में 45 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और इसमें भी सिर्फ गेहूं की कीमतों में वृद्धि अधिक हो सकती है। सरकार को विभिन्न प्रतिबद्धताओं को पूरा करने के लिए करीब 10 करोड़ टन अनाज की वार्षिक खरीद का प्रबंधन करना होगा। अनाज मंडी के खरीद पक्ष पर इतना बड़ा एकाधिकारवादी हस्तक्षेप स्थिति को अत्यधिक बिगाड़ने वाला साबित होगा। भंडारण और वितरण के बोझ के बारे में तो बात नहीं करते हैं। इसके अलावा गेहूं और चावल के न्यूनतम समर्थन मूल्य का बोझ बढ़ता रहेगा। क्या खरीद का विकेन्द्रीकरण किया जा सकता है और इसे राज्यों को दिया जा सकता है? क्या कुछ योजनाओं को नकद के प्रत्यक्ष हस्तांतरण द्वारा प्रतिस्थापित किया जा सकता है?

दूसरा मुद्दा भूख और कुपोषण के बारे में है। वार्षिक ग्लोबल हंगर इंडेक्स रैंकिंग में भारत को मिलने वाले खराब रैंक पर भारतीय अधिकारियों को आपत्ति है। वे शिकायत करते हैं कि सूचकांक बच्चों के शारीरिक विकास और बौनेपन को अनुचित महत्व देता है और यह कि भारत में कुपोषण की समस्या है, भूख की समस्या नहीं। शब्दार्थ को छोड़ दें तो निश्चित रूप से सरकारी नीति में केवल अनाज पर ही नहीं बल्कि सूक्ष्म पोषक तत्वों, दूध, अंडे या मांस के रूप में प्रोटीन के संतुलित सेवन और मध्याह्न भोजन कार्यक्रम को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए। नीति आयोग ने बहु-आयामी दृष्टिकोण का उपयोग करते हुए अनुमान लगाया है कि गरीबी 15 प्रतिशत से नीचे आ गई है। यदि ऐसा है तो फिर 58 प्रतिशत भारतीयों को मुफ्त भोजन क्यों मिल रहा है? या यहां तक कि अगर उनकी खाद्य सुरक्षा की जरूरतों को पूरा करना है, तो क्या यह प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण द्वारा बेहतर नहीं होगा?

तीसरा मुद्दा यह है कि क्या हमें खाद्य और पोषण सुरक्षा के संबंध में लक्ष्य केन्द्रीत दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है। एनएफएसए राशन वितरण, दुकानों की सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से लागू किया जाता है और सार्वभौमिक बन गया है। वास्तव में पहले संस्करण में एनएफएसए को केवल 100 सबसे पिछड़े जिलों में लागू किया जाना था। इसे चुनावी हथकंडे के रूप में पूरे देश में लागू किया गया। 1960 के दशक से लागू मूल पीडीएस को 1990 के दशक के मध्य में लक्षित पीडीएस (टीपीडीएस) के साथ बदलकर सुधार करने की मांग की गई थी। लेकिन इसके लिए केंद्र सरकार के संसाधनों का उपयोग करते हुए देश के कुछ (पिछड़े) क्षेत्रों का पक्ष लेने के लिए कठोर राजनीतिक निर्णयों की आवश्यकता है। चूंकि प्रमुख रूप से उत्तरी राज्यों और हिंदी बेल्ट में अधिक पिछड़ापन है इसलिए इस तरह का लक्ष्य केन्द्रित दृष्टिकोण अंतर-राज्य निष्पक्षता और संघवाद को सहकारी और निष्पक्ष तरीके का मार्गदर्शन करने जैसे जटिल मुद्दों को उठाता है। बहरहाल यह तय है कि सार्वभौमिक एनएफएसए में कुछ सुधार करने की आवश्यकता है।

चौथा मुद्दा यह है कि क्या यह खाद्य सुरक्षा प्रणाली में व्यापक आमूलचूल परिवर्तन का समय है। एकाधिकार खरीद प्रणाली का उद्देश्य तीन उद्देश्यों को पूरा करना है- किसानों को (समय-समय पर संशोधित न्यूनतम समर्थन मूल्य के माध्यम से) पर्याप्त मूल्य का भुगतान, गरीब परिवारों को (उनके राशन पात्रता के माध्यम से) खाद्य सुरक्षा और (कीमतों पर नीचे की ओर दबाव डालने के लिए बाजार में आवधिक थोक बिक्री के माध्यम से) खाद्य मूल्य स्थिरता। मतलब एक तीर से तीन शिकार। इसके कारण कई समस्याएं उत्पन्न होती हैं। जैसे कि पंजाब में गहन रासायनिक खेती जो अप्रत्यक्ष रूप से पराली जलाने से जुड़ी हुई है। उच्च भंडारण लागत और परिणामस्वरूप नुकसान। राउंड ट्रिपिंग की प्रवृत्ति, जहां व्यापारियों को अनाज सस्ते में खरीदने और बाद में उच्च खरीद कीमतों पर सरकार को फिर से बेचने के लिए प्रोत्साहन मिलता है। 1990 के दशक के बाद के दशकों में प्रौद्योगिकी और अधिक हस्तक्षेप सतर्कता के साथ कुछ समस्याओं को हल किया गया है। लेकिन यह एक भयावह समस्या बनी हुई है जिसके समाधान की आवश्यकता है।

**(लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं। सिंडिकेट : दी बिलियन प्रेस)**

राउंड ट्रिपिंग की प्रवृत्ति, जहां व्यापारियों को अनाज सस्ते में खरीदने और बाद में उच्च खरीद कीमतों पर सरकार को फिर से बेचने के लिए प्रोत्साहन मिलता है। 1990 के दशक के बाद के दशकों में प्रौद्योगिकी और अधिक हस्तक्षेप सतर्कता के साथ कुछ समस्याओं को हल किया गया है। लेकिन यह एक भयावह समस्या बनी हुई है जिसके समाधान की आवश्यकता है।

## बीता सप्ताह

**11 नवंबर**

- आईसीसी, सीआरपी व साक्ष्य में बदलाव करने गृह मामलों की स्थायी समिति ने राज्य सभा के सभापति जगदीप धनकड़ को सौंपी रिपोर्ट।
- पुर्तगाल के राष्ट्रपति मार्सेलो रेवेलो चुनाव कराने की घोषणा की।
- रूस में गायब हुआ ए एन-2 विमान रूस के चुकोतका में मिला।
- विदेशी मुद्रा भंडार 4.7 अरब डॉलर से बढ़कर 590.8 रुपए डॉलर हुआ।

**12 नवंबर**

- भारत दुनिया के मुकाबले नवंबर 21 से अक्टूबर 23 तक तीन गुना तापमान बढ़ा। हर महीना इतिहास का सबसे गर्म महीना रहा।
- दीपोत्सव पर अयोध्या नगरी में 24 लाख दीए जलाए गए।
- पूर्वी इंडोनेशिया में मालकु में 6.2 रिएक्टर तीव्रता वाला शक्तिशाली भूकम्प आया।
- उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता लागू करने जस्टिस रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता में विशेषज्ञ समिति गठित की गई।

**14 नवंबर**

- मणिपुर में हुई हिंसा के मद्देनजर 9 मैतेई उग्रवादी संगठनों पर गृह मंत्रालय ने प्रतिबंध लगाया।
- मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के नेता वासुदेव आचार्य का निधन हो गया।
- ब्रिटेन मंत्रिमंडल में हुआ बड़ा उलटफेर। गृहमंत्री सुएला बेवरमैन को बर्खास्त किया गया।
- पाकिस्तानी गेंदबाजी कोच मोर्ने मेर्विल ने पुरुष टीम की गेंदबाजी कोच से इस्तीफा दे दिया।

**15 नवंबर**

- देश के प्रसिद्ध होटल व्यवसायी पृथ्वी राज सिंह (पीआरएस) ओबेरॉय का निधन हो गया।
- दिल्ली में 42वां अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला शुरु हुआ।
- संसदीय समिति पैनल ने सरकार से सिफारिश की है कि -व्यभिचार को फिर अपराध की श्रेणी में लाया जाए।
- अमेरिकी राष्ट्रपति पद के चुनाव की दौड़ में दक्षिण कैरोलिना के रिपब्लिकन सिनेटर टिम स्कॉट बाहर हो गए।

**16 नवंबर**

- जम्मू-कश्मीर के डोडा क्षेत्र में सड़क हादसे में 36 लोगों की मौत हो गई।
- भारतीय क्रिकेट टीम ने न्यूजीलैंड को हराकर विश्व कप सेमीफाइनल में कदम रखा।
- साहित्य अकादमी के वृत्तचित्र को मणिपुर राज्य फिल्म पुरस्कार-2023 प्रदान किया गया।
- मिलावटी खाद्य पदार्थ बेजने वाले को 6 माह की जेल व न्यूनतम 25 हजार रुपए जुर्माना होगा-संसदीय समिति ने सिफारिश की।

**17 नवंबर**

- मध्यप्रदेश की 230 और छत्तीसगढ़ के 70 सीटों के लिए मतदान हुआ।
- रूस के सेंट पीट्सबर्ग में खुलेगा अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक मंच।
- चीन के शाक्सी प्रांत के एक इमारत में आग लगने से 26 लोगों की मौत हो गई।
- दक्षिण कोरिया में गैस रिसाव से एक रेस्तरां में पांच नागरिक घायल हो गए।

## प्रौद्योगिकी संस्थान में भी असुरक्षित हैं महिलाएं

■ संदीप पाण्डेय

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय' के 'भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान' में इस समय तूफान बरपा हुआ है। 1-2 नवम्बर की रात डेढ़ बजे परिसर के अंदर एक छात्रा को उसके पुरुष सहपाठी से अलग कर तीन मोटरसाइकिल सवारों ने उसका चुम्बन ले उसे निर्वस्त्र कर मोबाइल पर उसकी तस्वीर खींची। छात्रा के मजिस्ट्रेट व विवेचना अधिकारी के सामने दिए गए बयान के बाद अज्ञात अभियुक्तों के खिलाफ सामूहिक बलात्कार की धारा भी मुकदमे में जोड़ दी गई है। बताया जा रहा है कि कुछ दिनों पहले एक अन्य छात्रा के साथ भी ऐसी दुर्घटना हुई थी। छात्र-छात्राओं के जबरदस्त विरोध के बाद विश्वविद्यालय व जिला प्रशासन 'भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान' की सीमा पर एक दीवार खड़ी करने की सोच रहे हैं।

इसको लेकर विश्वविद्यालय के अन्य विभागों के छात्र-छात्रा नाराज हैं। उनका सवाल है कि क्या विश्वविद्यालय में अन्य छात्राएं नहीं हैं जिनकी सुरक्षा की चिंता भी होनी चाहिए? फिर सवाल तो यह भी है कि विश्वविद्यालय के बाहर गांवों या वाराणसी शहर में रहने वाली लड़कियों को क्यों छोड़ा जाए? क्या इन सभी की सुरक्षा की चिंता नहीं होनी चाहिए? क्या प्रौद्योगिकी संस्थान के बाहर की लड़कियों को छेड़ने वालों के लिए छोड़ दिया जाएगा? और यह भी सवाल है कि प्रौद्योगिकी संस्थान के अंदर क्या यह सम्भव नहीं कि किसी लड़की या महिला का किसी पुरुष प्रोफेसर, कर्मचारी या छात्र द्वारा यौन शोषण हो?

'काशी हिन्दू विश्वविद्यालय' के 'चिकित्सा संस्थान' में 2012 में एक प्रोफेसर को छात्रा के यौन शोषण के आरोप में समय से पहले सेवानिवृत किया गया था। इस तरह की और भी दुर्घटनाएं इस विश्वविद्यालय परिसर में हो चुकी हैं। 2017 में एक छात्रा के यौन शोषण के बाद विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार पर लड़कियों द्वारा किए गए विरोध प्रदर्शन पर कुलपति गिरीशचंद्र त्रिपाठी ने पुलिस से लाठी चलवाई तो उन्हें लम्बी छुट्टी पर भेजकर उन्हें सेवानिवृत किया गया। इसी वर्ष 22 मई को एक महिला दलित सहायक प्रोफेसर ने आरोप लगाया है कि उसके विभाग के ही दो प्रोफेसरों, जिनमें एक महिला है, व दो छात्रों ने उसका यौन शोषण किया जिसकी प्राथमिकी पुलिस ने 27 अगस्त को तब दर्ज की जब इस महिला ने अनुसूचित जाति आयोग, शिक्षा मंत्रालय व मुख्यमंत्री, आदि कई जगह शिकायत की।

2014 में 'काशी हिन्दू विश्वविद्यालय' के 'भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान' के सिविल अभियांत्रिकी विभाग की अंतिम वर्ष की एक छात्रा ने विभाग के वरिष्ठ प्रोफेसर जो विभागाध्यक्ष व डीन भी रहे, पर आरोप लगाया कि उन्होंने उसे पहले परिसर स्थित मंदिर पर चाय पिलाई, फिर विश्वविद्यालय के बाहर लंका बाजार में लस्सी पिलाने के बहाने अपने नए बन रहे घर ले गए और वहां उसका चुम्बन लेने और घर के अंदर ले जाने की कोशिश की। संस्थान की 'महिला शिकायत प्रकोष्ठ' द्वारा जांच में शिकायत सही पाए जाने पर निदेशक ने इन प्रोफेसर की सेवा निवृति उपरांत नियुक्ति को रद्द किया। यानी कि प्रौद्योगिकी संस्थान की लड़कियां संस्थान में ही सुरक्षित नहीं तो दीवार बनाकर क्या होगा?

छात्राओं को सोचना होगा कि यह मामला भौतिक सुरक्षा का नहीं है। वह तो जितना किया जा सकता है, किया ही जाना चाहिए, लेकिन जब तक पुरुषों की महिलाओं के प्रति सोच नहीं बदलेगी तब तक उनके लिए यौन शोषण का खतरा बना ही रहेगा। घर के बाहर नहीं तो घर के अंदर भी अपने सगे रिश्तेदार खतरा बन सकते हैं। बेहतर होगा कि महिला सुरक्षा के लिए माहौल बनाया जाए। आखिर विश्वविद्यालय की अन्य महिलाएं व परिसर के बाहर रहने वाली लड़कियों का भी तो उतना ही अधिकार है कि उन्हें सुरक्षित माहौल मिले। बल्कि परिसर के बाहर तो गांवों में वे महिलाएं रहती हैं जिनके परिवारों ने विश्वविद्यालय बनाए जाने के लिए अपनी जमीनें खाली कीं।

आप देखेंगे कि विस्तृत परिसर जिसमें खुली जगह पर्याप्त है, के चारों ओर घनी आबादी है। ऐसा प्रतीत होता है कि लोगों से जमीन खाली कराकर उन्हें विश्वविद्यालय के हाशिए पर ढकेल दिया गया। जिन परिवारों ने विश्वविद्यालय के निर्माण के लिए कुर्बानी दी क्या हम उन्हें बाहरी मानकर उनके साथ सौतेला व्यवहार करेंगे? क्या हम विश्वविद्यालय के द्वार बंद कर गांव वालों को उनकी पुरानी जमीनों पर आने से वंचित करेंगे? याद रखें पुराने गांवों के कई पवित्र स्थान इस समय परिसर के अंदर हैं जहां गांव के लोग दर्शन करने आते हैं।

हमें सभी महिलाओं की सुरक्षा के बारे में सोचना होगा तभी वे सभी जगहों पर सुरक्षित रहेंगी। इसके लिए दोनों स्तरों पर काम करने की जरूरत है। एक तो महिला खुद सशक्त हो तथा अपनी रक्षा खुद कर सके। दूसरा, पुरुषों का नजरिया बदला जाए ताकि वे महिला को बराबर का सम्मान दें, उनके निजता के अधिकार को पहचानें और उन्हें सिर्फ भोग की वस्तु के रूप में न देखें।

ये दोनों ही प्रक्रियाएं समाज में चल रही हैं और देश में 'निर्भया कांड' के बाद काफी गुणात्मक परिवर्तन आया है। अब महिलाएं खुलकर अपने यौन शोषण के बारे में बात कर रही हैं जैसा पहले नहीं करती थीं। अब इसे कोई इज्जत बचाने के नाम पर छुपाता-दबाता नहीं है। पुरुष भी महिलाओं के प्रति पहले से ज्यादा संवेदनशील हैं और भले ही मजबूरी में, लेकिन महिलाओं को समाज में बराबरी का स्थान दे रहे हैं। इन प्रक्रियाओं को और तेज करने की जरूरत है।

सरकारों को भी इस मुद्दे पर संवेदनशील रवैया अपनाना होगा। यदि महिला पहलवानों के मामले में सांसद बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होती तो संदेश यही जाएगा कि सरकार राजनीतिक लाभ के लिए एक आरोपी को बचा रही है। ऐसी सरकार पर कौन महिला अपनी सुरक्षा के लिए भरोसा कर सकती है? अपराधी को भी संदेश जाता है कि यदि आप शासक दल के साथ हैं तो आपको कोई चिंता करने की जरूरत नहीं। यही निर्भीकता अपराधियों को 1-2 नवम्बर जैसा दुस्साहस करने की हिम्मत देता है।

जो आपराधिक मानसिकता के लोग हैं उनसे तो आपराधिक न्याय व्यवस्था को ही निपटना पड़ेगा, लेकिन समाज में ऐसे सुरक्षा के कवच बनाने होंगे कि महिलाएं अपने को सुरक्षित महसूस कर सकें। सार्वजनिक स्थानों पर सशक्त महिलाओं की उपस्थिति बढ़ने से यौन शोषण और मुश्किल होगा, किन्तु मुख्य बात है कि डॉ. राम मनोहर लोहिया ने अपनी 'सप्त क्रांति' में पहले स्थान पर नर-नारी समानता का जो सपना देखा था उसे साकार करना होगा। जब सही मायने में पुरुष महिला को बराबरी का स्थान व सम्मान देगा तभी यौन शोषण खत्म होगा।

**(लेखक वैज्ञानिक, समाजकर्मी एवं हैं।)**

जो आपराधिक मानसिकता के लोग हैं उनसे तो आपराधिक न्याय व्यवस्था को ही निपटना पड़ेगा, लेकिन समाज में ऐसे सुरक्षा के कवच बनाने होंगे कि महिलाएं अपने को सुरक्षित महसूस कर सकें। सार्वजनिक स्थानों पर सशक्त महिलाओं की उपस्थिति बढ़ने से यौन शोषण और मुश्किल होगा, किन्तु मुख्य बात है कि डॉ. राम मनोहर लोहिया ने अपनी 'सप्त क्रांति' में पहले स्थान पर नर-नारी समानता का जो सपना देखा था उसे साकार करना होगा।

## कर्नाटक में भाजपा और कांग्रेस दोनों में नेतृत्व का संकट

■ अरुण श्रीवास्तव

कर्नाटक भाजपा में हाल के घटनाक्रम इस बात का खुलासे करते हैं कि अमित शाह, अपनी तथाकथित 'चाणक्य' प्रसिद्धि के बावजूद, पार्टी मामलों पर पकड़ खो चुके हैं और उनके पास विचारों की भी कमी है। केवल एक सप्ताह पहले, भाजपा नेतृत्व ने कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा के छोटे बेटे, पहली बार विधायक बने बीवाई विजयेंद्र को राज्य इकाई का अध्यक्ष नियुक्त किया। इसे पुराने लिंगायत नेता बीएस येदियुरप्पा को एक बार फिर से पार्टी की कमान सौंपने की एक घुमावदार चाल के रूप में देखा जा रहा है, जिन्हें इस साल मई में राज्य चुनाव के ठीक बीच में मोदी और शाह ने किनारा लगा दिया था ताकि पार्टी को लिंगायत ताकतवर नेता की छाया से दूर ले जाया जा सके।

मोदी और शाह का वह निर्णय आत्मघाती साबित हुआ, क्योंकि लिंगायतों ने कांग्रेस के प्रति अपनी वफादारी बदल दी और कम से कम 30 निर्वाचन क्षेत्रों में उसकी जीत सुनिश्चित की। हालांकि भाजपा के राष्ट्रीय नेताओं का दावा है कि विधानसभा में हार से सबक लेते हुए उन्होंने येदियुरप्पा को कमान सौंपी है, लेकिन इसका राज्य इकाई पर पहले ही हानिकारक प्रभाव पड़ चुका है। पार्टी की राज्य इकाई में बड़ी संख्या में प्रमुख लिंगायत चेहरे हैं। वे शाह और मोदी के इस कदम से आहत हैं और खुलेआम कहते हैं कि वे अपमानित महसूस कर रहे हैं।

उनके पास वाजिब तर्क है। वे बीएस येदियुरप्पा का सम्मान करते थे, क्योंकि वह एक वरिष्ठ नेता थे और उन्होंने राज्य में पार्टी को पुनर्जीवित किया था। लेकिन उनके प्रति सम्मान को मोदी और शाह द्वारा यह समझना भूल है कि वरिष्ठ लिंगायत नेता नवसिखिये विजयेंद्र के आदेशों को सुनेंगे। उन्होंने यह कदम इसलिए उठाया क्योंकि मई 2023 की हार के बाद और 2024 के राष्ट्रीय चुनावों से पहले लिंगायत वोट पार्टी पर भारी है। भाजपा को उम्मीद है कि विजयेंद्र की स्थापना से लिंगायतों को पार्टी में वापस लाया जा सकेगा और 2019 के लोकसभा प्रदर्शन को दोहराने में मदद मिलेगी, जब उसने कर्नाटक में 28 में से 25 सीटें जीती थीं।

स्वाभाविक रूप से, राज्य इकाई के अध्यक्ष के रूप में विजयेंद्र की नियुक्ति के बाद भाजपा को 'वंशवाद की राजनीति' की आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। वरिष्ठ लिंगायत नेताओं का मानना है कि राष्ट्रीय नेतृत्व के पास इस बारे में विचारों की कमी है कि राज्य में पार्टी का आधार कैसे बढ़ाया जाये और संभवत: उन्होंने कैडर-आधारित नेतृत्व प्रणाली विकसित करने की रणनीति को छोड़ दिया है। ध्यान रहे कि 2021 में येदियुरप्पा को मुख्यमंत्री पद से बीच में ही हटाया गया था।

येदियुरप्पा जैसी प्रमुख जातियों के कद्दावर नेताओं को संदेश देते हुए कि वे अब पार्टी नेतृत्व पर अपनी शर्तें नहीं थोप सकते, और वंशवाद की राजनीति के खिलाफ अपने रुख का हवाला देते हुए, भाजपा ने 2018 में विजयेंद्र को चुनावी टिकट देने से इनकार कर दिया था और उन्हें 2021 और 2023 के बीच मंत्री पद से भी वंचित कर दिया था।

सूत्रों का कहना है कि मई के बदतर चुनावी हार के बाद, राष्ट्रीय नेतृत्व ने वोक्कालिंगा समुदाय को जोड़ने का फैसला किया था। लेकिन यह सफल नहीं हुआ। उन्होंने यह भी बताया कि एचडी देवेगौड़ा की जद (एस) द्वारा भाजपा के साथ गठबंधन करने का फैसला करने के बाद इस विचार को छोड़ दिया गया था क्योंकि वोक्कालिगा देवेगौड़ा का मुख्य समर्थन आधार रहा है। 'जद (एस) के एनडीए में आने के साथ, भाजपा प्रमुख के रूप में वोक्कालिंगा नेता की नियुक्ति व्यवहार्य नहीं थी। जाहिर है, पार्टी को सार्वजनिक चेहरे के रूप में लिंगायत समुदाय से किसी को लेने के लिए मजबूर होना पड़ा।' अब विजयेंद्र को राज्य प्रमुख के रूप में स्थापित करने के बाद, नेतृत्व विधायक दल के नेता के रूप में नियुक्त करने के लिए किसी प्रमुख ओबीसी नेता की तलाश कर रहा है,' एक वरिष्ठ नेता ने कहा।

एक और कारक जो महत्वपूर्ण रूप से सामने आया है वह है संघ परिवार का रवैया। कर्नाटक के आरएसएस कैडरों ने वरिष्ठ येदियुरप्पा को कभी भी बहुत सम्मान नहीं दिया। उन्हें लगता है कि वह भले ही राज्य में लिंगायत समुदाय का चेहरा रहे हों, लेकिन उन्होंने कभी भी सभी जातियों और समुदायों को साथ लेकर चलने की कोशिश नहीं की। संघ की राज्य इकाई के साथ उनके कभी भी सहज और सौहार्द्रपूर्ण संबंध नहीं रहे। जाहिर है, संघ के प्रति वफादार लोगों से विजयेंद्र को समर्थन देने की उम्मीद नहीं की जा सकती थी। कुछ संघ नेता याद करते हैं कि जब उनके पिता मुख्यमंत्री थे तो विजयेंद्र कैसे 'सुपर सीएम' की तरह व्यवहार करते थे। उनका यह भी आरोप है कि उनकी कार्यशैली निचले स्तर के कार्यकर्ताओं और नेताओं के राज्य के नेताओं से अलगाव का एक प्रमुख कारण था। कर्नाटक में पार्टी के पतन का यह एक बड़ा कारण था।

लिंगायतों को हिंदुत्व विरोधी प्रवृत्ति वाला माना जाता है। ऐसा कहा जाता है कि लिंगायतवाद की स्थापना हिंदू धर्म की ब्राह्मणवादी व्यवस्था को बाधित करने के लिए की गई थी। सदियों बाद, समुदाय के सामाजिक अभिजात वर्ग और नए मध्यम वर्ग ने संघ परिवार की प्रिय नवउदारवादी और सांप्रदायिक नीतियों को अपना लिया है। अपने विचारों का समर्थन करने के लिए, वे भाजपा के पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई के बयानों का उल्लेख करते हैं, कि 'हिजाब और हलाल चुनावी मुद्दे नहीं हैं'। येदियुरप्पा से भी उम्मीद नहीं है कि वे किसी भी सामाजिक ध्रुवीकरण वाले मुद्दे को मंजूरी देंगे।

कांग्रेस में भी प्रदेश के नेता राहुल गांधी की वैचारिक लाइन को लागू करने का प्रयास करने के बदले कड़वे सत्ता संघर्ष में शामिल हैं। कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया ने भाजपा पर 'ऑपरेशन कमल' के जरिये राज्य की कांग्रेस सरकार को अस्थिर करने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। लेकिन उनके आरोप को स्वीकार करने वाले कम ही लोग हैं। उन्होंने कांग्रेस विधायक रविकुमार गौड़ा की शिकायत के बाद यह आरोप लगाया था कि भाजपा की एक टीम ने कांग्रेस विधायकों से भगवा पार्टी में जाने के लिए प्रत्येक के लिए 50 करोड़ रुपये और एक मंत्री पद की पेशकश के साथ संपर्क किया था।

उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने भी कहा, 'एक बड़ी साजिश रची जा रही है, लेकिन इसका फल नहीं मिलेगा।' उन्होंने कहा कि भाजपा राज्य सरकार को अस्थिर करने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रही है। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस विधायकों ने उन्हें और सीएम को सूचित किया था कि कौन उनके संपर्क में है और क्या पेशकश की जा रही है।

वास्तव में, अवैध शिकार का डर इतना गंभीर नहीं है। यह सिद्धारमैया और शिवकुमार के नेतृत्व वाले दो युद्धरत गुटों के बीच की अंदरूनी लड़ाई है जो राज्य में कांग्रेसियों के लिए चिंता का प्रमुख स्रोत रही है। शिवकुमार के समर्थक पार्टी नेतृत्व पर उन्हें मुख्यमंत्री बनाने का दबाव बना रहे हैं। उनके समर्थक रणनीति तैयार करने के लिए रात्रिभोज और मिलन समारोह भी आयोजित कर रहे हैं।

अपनी ओर से सिद्धारमैया भी अपने समर्थकों की बैठकें कर रहे हैं। हाल ही में, सिद्धारमैया ने राज्य के गृह मंत्री जी परमेश्वर द्वारा आयोजित रात्रिभोज पार्टी में भाग लिया, जहां शिवकुमार अनुपस्थित थे। पिछले रात्रिभोज के साथ ही एक और रात्रिभोज का आयोजन किया गया था, जहां मांड्या विधायक रविकुमार गौड़ा ने दावा किया था कि शिवकुमार ढाई साल बाद मुख्यमंत्री बनेंगे। पार्टी के अंदरूनी सूत्रों ने सुझाव दिया कि रात्रिभोज का उद्देश्य पीडब्ल्यूडी मंत्री सतीशजारकी होली को शांत करना है, जिन्होंने बेलगावी राजनीति में शिवकुमार की बढ़ती भागीदारी पर असंतोष व्यक्त किया है।

मई में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल होने वाले लोग अंदरूनी कलह के खेल में प्रमुख खिलाड़ी रहे हैं। दरअसल, जारकीहोली ने पार्टी नेताओं को संदेश भेजने के लिए लगभग 20 समान विचारधारा वाले विधायकों के साथ दुबई की यात्रा करने की योजना बनाई थी, हालांकि कांग्रेस आलाकमान के हस्तक्षेप के बाद मैसूर की पिछली यात्रा रद्द कर दी गई थी।

अंदरूनी कलह ने सरकार के कामकाज पर प्रतिकूल असर डाला है। राहुल और प्रियंका द्वारा किये गये अधिकांश चुनाव पूर्व वायदे अभी तक पूरे नहीं हुए हैं क्योंकि वरिष्ठ नेता होने के नाते मंत्री अपने-अपने नेताओं के लिए समर्थन जुटाने में व्यस्त हैं। लोकसभा चुनाव से पहले अंदरूनी कलह के कारण भी पार्टी में फेरबदल में बाधा आ रही है। कर्नाटक में कांग्रेस पार्टी को गुटबाजी के कारण कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी (केपीसीसी) के पुनर्गठन में देरी का सामना करना पड़ रहा है।

राहुल गांधी की सलाह के बाद प्रदेश कमेटी में नये युवा चेहरों को शामिल करने का फैसला किया गया। लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है क्योंकि दोनों नेता सिद्धारमैया और शिवकुमार इस कवायद के इच्छुक नहीं हैं। लोकसभा चुनाव से पहले पार्टी में 'नया खून' भरने और मंत्रियों पर काम का बोझ कम करने का कदम अभी तक अमल में नहीं आया है। हालांकि एआईसीसी महासचिव, कर्नाटक के प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला और अन्य केंद्रीय नेता समाधान खोजने के लिए नेताओं के साथ बैठकें करेंगे, लेकिन पार्टी में व्याप्त दुश्मनी की प्रकृति एक स्पष्ट संदेश भेजती है कि निकट भविष्य में एक बड़ा टकराव हो सकता है।

अंदरूनी कलह ने सरकार के कामकाज पर प्रतिकूल असर डाला है। राहुल और प्रियंका द्वारा किये गये अधिकांश चुनाव पूर्व वायदे अभी तक पूरे नहीं हुए हैं क्योंकि वरिष्ठ नेता होने के नाते मंत्री अपने-अपने नेताओं के लिए समर्थन जुटाने में व्यस्त हैं। लोकसभा चुनाव से पहले अंदरूनी कलह के कारण भी पार्टी में फेरबदल में बाधा आ रही है।

# बेतवा- पार्वती अंचल

## सार-समाचार

### मतदाताओं को भाया ऑल वुमन पोलिंग बूथ

**रायसेन, देशबन्धु।** जिले की चारों विधानसभाओं उदयपुरा, भोजपुर, सांची और सिलवानी में 10-10 आदर्श मतदान केन्द्र/महिला मतदान केन्द्र बनाए गए थे। इन मतदान केन्द्रों पर महिला कर्मचारियों की ही ड्यूटी लगाई गई थी तथा उन्हीं के द्वारा सम्पूर्ण मतदान प्रक्रिया सम्पन्न कराई गई। आदर्श मतदान केन्द्र/महिला मतदान केन्द्र पर दिव्यांग मित्र, हेल्प डेस्क, मेडिकल हेल्प, मतदाता प्रतीक्षा केन्द्र तथा मतदाताओं के लिए पेयजल की व्यवस्था की गई थी। यहां आने वाले मतदाताओं को पुष्प भेंट कर उनका स्वागत किया गया। इसके साथ ही मतदाताओं से फीडबैक भी लिया गया।

### प्रेक्षकों ने किया मतदान केन्द्रों का भ्रमण

**रायसेन, देशबन्धु।** मप्र विधानसभा निर्वाचन-2023 के लिए 17 नवम्बर को रायसेन जिले की चारों विधानसभाओं उदयपुरा, भोजपुर, सांची और सिलवानी में सभी 1226 मतदान केन्द्रों पर स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से मतदान प्रक्रिया सम्पन्न हुई। विधानसभा क्षेत्र सांची और सिलवानी के सामान्य प्रेक्षक श्री संजय कुमार द्वारा दोनों विधानसभा क्षेत्रों के अनेक मतदान केन्द्रों पर जाकर मतदान प्रकिया का अवलोकन किया।

# मतदाताओं ने दिखाया उत्साह, 80 प्रतिशत हुआ मतदान



**सिरोंज, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव के मतदान में मतदाताओं ने काफी उत्साह दिखाया। सुबह 7 बजे से शुरु हुआ मतदान शाम 6 बजे तक चला। इस दौरान मतदान केंद्रों पर मतदान करने वालों की कतारे लगी रही। अंतिम प्राप्त आंकड़ों के अनुसार सिरोंज क्षेत्र में 96864 पुरुष मतदाताओं ने 81077 महिला मतदाताओं व थर्ड जेंडर के 7 मतदाताओं ने अपना मताधिकार का प्रयोग किया। इस प्रकार पुरुष 82.93 प्रतिशत, महिला 77.28 प्रतिशत व थर्ड जेंडर की 63.64 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान का कुल प्रतिशत 80.25 रहा। प्रशासन द्वारा मतदान केन्द्रों पर व्यापक व्यवस्थाएं की गई थी। पिंक बूथ मतदान केन्द्र चहुंओर गुलाबी रंग की छठा बिखेर रहा था यहां सभी महिला मतदानकर्मियों के द्वारा सम्पूर्ण मतदान प्रक्रिया कराई गई। हर एक मतदान केन्द्र की तर्ज पर यहां भी परिसर के दोनों मतदान केन्द्रों पर दिव्यांग व शारीरिक रूप से अशक्त मतदाताओं के लिए व्हीलचेयर के प्रबंध सुनिश्चित किये गए थे। मतदान केन्द्रों पर सुबह से ही मतदाताओं की कतार लगी रही। मतदान प्रक्रिया में जहां युवाओं में उत्साह दिखा वहीं वायोवृद्ध भी पीछे नहीं थे। 110 से 119 आयु वर्ग के एक पुरूष व एक महिला मतदाता जो सिरोंज विधानसभा क्षेत्र में निवासरत ने सहयोगी के साथ पहुंचकर मतदान किया। नए मतदाताओं ने लाइन में लगकर पहली बार मतदान किया। अनेक नए मतदाताओं ने मतदान के बाद मतदान केन्द्रों के बाहर सेल्फी भी ली। अनेक दिव्यांग स्वयं ही ट्रायसाइकिल चलाकर मतदान केन्द्र पर पहुंचै। विधायक उमाकांत शर्मा ने अपने मताधिकार का उपयोग अपने गृह वार्ड क्रमांक 19 में किया। बताया जाता है कि ग्राम सुगना खेड़ी में मतदान काफी धीमा होने से महिलाओं द्वारा बिना मतदान वापस जाने के आरोप लगाए गए। वही सरवन के वार्ड क्रमांक 21 के रेशम केंद्र में बनाए गए मतदान केंद्र पर अधिक भीड़ लगी रही। रिटर्निंग ऑफिसर हषर्ल चौधरी ने बताया कि क्षेत्र में पूरी तरह शांतिपूर्ण मतदान संपन्न हुआ है और यह पहली बार है कि इतना अधिक मतदान का प्रतिशत रहा है। अधिकांश मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं लाईन होने पर उन्हें टोकन दिए गए ताकि कोई भी मतदाता समय अवधि के बावजूद मतदान करने से वंचित ना रहे।

▶ पिंक मतदान केन्द्र पर तैनात रही सभी महिला मतदानकर्मी





मतदान करने में वयोवृद्ध मतदाता भी नहीं रहे पीछे

# सतायु पार कर चुकी 2 वद्धाओं सहित 96 वर्षीय महिला ने मतदान केन्द्र पहुंकर किया मतदान



**रायसेन, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव में मतदान करने में वयोवृद्ध मतदाता भी पीछे नहीं रहे। उन्होंने अपने परिजनों के साथ मतदान केन्द्र पहुंचकर मतदान किया। मतदान केन्द्रों पर वयोवृद्ध और दिव्यांग मतदाताओं के लिए व्हीलचेयर तथा पंक्तिरहित मतदान की व्यवस्था की गई थी। जिले की भोजपुर विधानसभा के मतदान केन्द्र क्रमांक-191 डंगरवारा में 103 वर्षीय शतायु मतदाता गुलाब बाई द्वारा मतदान किया गया। सांची विधानसभा के गैरतगंज में 102 वर्षीय रामकली बाई, रायसेन में वार्ड क्रमांक- 4 स्थित मतदान केन्द्र क्रमांक-123 में 96 वर्षीय वयोवृद्ध मतदाता सूरज बाई द्वारा मतदान किया गया। गैरतगंज में भी 100 वर्षीय शतायु मतदाता रामकली बाई द्वारा परिजनों के साथ मतदान केन्द्र पहुंचकर मतदान किया गया। वयोवृद्ध मतदाताओं का मतदान केन्द्रों पर पुष्प भेंट कर स्वागत किया गया। इसके पश्चात निर्वाचन प्रक्रिया का पालन करते हुए मतदान किया गया तथा जागरूक मतदाता होने की मिशाल पेश की। इन वयोवृद्ध मतदाताओं ने कहा कि वह प्रत्येक चुनाव में मतदान करती आ रही हैं। हमारा एक-एक वोट कीमती है और प्रत्याशी की हार-जीत तय करता है। इसी प्रकार रायसेन में 85 वर्षीय महिला मतदाता श्रीमती चन्द्रावती, 73 वर्षीय रामप्रकाश कटियार, 70 वर्षीय अब्दुल गनी खान सहित अनेक वयोवृद्ध मतदाताओं द्वारा मतदान किया गया।

**पहली बार मतदान कर खुश दिखे युवा मतदाता:** रायसेन के वार्ड क्रमांक-04 कलेक्ट्रेट कालोनी स्थित शासकीय हाईस्कूल भवन में बनाए गए मतदान केन्द्र पर युवा मतदाता कु. ईशा सराठे, कु. महिला लोधी, कु. वर्षा लोधी, जेनब फातिमा, मुबाशशीर फातिमा, संजीत कुमार, राहुल सहित अन्य नवीन मतदाताओं ने पहली बार मतदान किया।

उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में पहली बार सहभागी बनने पर हम बहुत गौरवान्वित है। युवा मतदाताओं ने कहा कि प्रत्येक मतदाता को अपना वोट जरूर डालना चाहिए। यह हमारा अधिकार होने के साथ-साथ लोकतंत्र के प्रति कर्तव्य भी है। हमारे द्वारा किए गए मतदान से ही जनप्रतिनिधि का चुनाव होता है। इसलिए हमें स्वविवेक से बिना किसी दबाव के योग्य उम्मीवादर को वोट देना चाहिए।

**कलेक्टर, एसपी ने लाईन में लगकर किया मतदान:** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद दुबे तथा पुलिस अधीक्षक विकास शहवाल द्वारा रायसेन में वार्ड क्रमांक-04 स्थित शासकीय हाईस्कूल कलेक्ट्रेट कालोनी में अपने मतदान केन्द्र क्रमांक-123 पहुंचकर मतदान किया गया। उन्होंने सामान्य मतदाताओं की तरह लाइन में लगकर अपनी बारी आने का इंतजार किया तथा बारी आने पर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। साथ ही मतदान केन्द्र में चल रही मतदान प्रक्रिया का भी अवलोकन किया गया। जिला



**85 वर्ष की सावित्री श्रीवास्तव सेवानिवृत्त प्राचार्य लोकतंत्र के महापर्व में अपने मत का उपयोग कर देश के प्रति अपना कर्तव्य निभाया।**



पंचायत सीईओ तथा सांची विधानसभा की रिटर्निंग अधिकारी अंजू भदौरिया, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अमृता गर्ग द्वारा भी मतदान किया गया।

## कोटपार में चुनाव का बहिष्कार, कलेक्टर-एसपी की समझाईश पर 3 बजे मतदान करने पहुंचे ग्रामीण



**रायसेन, देशबन्धु।** जिले की जिले के उदयपुरा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत बरेली तहसील के ग्राम कोटपार में गांव के मतदाताओं ने सुबह से लेकर 3 बजे तक मतदान का बहिष्कार किया 3 बजे तक गांव का कोई भी मतदाता गांव में बने मतदान केंद्र पर वोट डालने नहीं गया। सूचना पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद दुबे, पुलिस अधीक्षक विकास कुमार साहवाल ने प्रशासनिक अमले के साथ पहुंचकर मतदान का बहिष्कार कर रहे ग्रामीणों को घर-घर जाकर वोट डालने के लिए आग्रह किया एवं मतदान के लिए समझाईश दी। भारी मशक्कत के बाद कलेक्टर एवं एसपी के विशेष आग्रह पर ग्रामीण 3 बजे मतदान करने के लिए राजी हुए। ज्ञात हो कि ग्राम कोटपार भाजपा के पूर्व विधायक रामकिशन पटेल का गृह ग्राम है। ग्रामीणों कि माने तो विधानसभा चुनाव में इस बार पूर्व विधायक रामकिशन पटेल को टिकट नहीं दिए जाने के कारण ग्रामीण नाराज थे।

# रायसेन में 80 प्रतिशत मतदान, दिनभर नजर रखे रहे प्रशासनिक अधिकारी



**रायसेन, देशबन्धु।** मप्र विधानसभा निर्वाचन-2023 के लिए रायसेन जिले की चारों विधानसभाओं उदयपुरा, भोजपुर, सांची और सिलवानी में सभी 1226 मतदान केन्द्रों पर प्रात: 7 बजे से मतदान प्रारंभ हो गया। मतदान को लेकर सुबह से ही मतदाताओं में खासा उत्साह देखा गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद दुबे तथा पुलिस अधीक्षक विकास शहवाल द्वारा जिले में सतत् भ्रमण कर मतदान प्रक्रिया का अवलोकन किया गया।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद दुबे ने बताया कि जिले की चारों विधानसभा क्षेत्रों में शांतिपूर्ण तरीके से मतदान सम्पन्न हुआ। हर आयु वर्ग के मतदाता वोट डालने के लिए खासे उत्साहित थे। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार जिले में मतदान समाप्ति पर 79.93 प्रतिशत मतदान हुआ है, जिसमें 82.11 प्रतिशत पुरूष मतदाताओं, 77.54 प्रतिशत महिला मतदाताओं तथा 33.33 प्रतिशत थर्ड जेण्डर मतदाताओं ने मतदान किया। उदयपुरा विधानसभा में कुल 81.70 प्रतिशत मतदाताओं ने मतदान किया। इनमें 84.08 प्रतिशत पुरूष मतदाता, 79.10 प्रतिशत महिला मतदाता और 20 प्रतिशत थर्ड जेण्डर मतदाता शामिल हैं। इसी प्रकार भोजपुर विधानसभा में 79.58 प्रतिशत मतदान हुआ है जिसमें 81.53 प्रतिशत पुरूष मतदाता, 77.49 प्रतिशत महिला मतदाताओं तथा 30.77 प्रतिशत थर्ड जेण्डर मतदाताओं ने मतदान किया। सांची विधानसभा में 77.36 प्रतिशत मतदान हुआ, जिसमें 79.60 प्रतिशत पुरूष मतदाताओं, 74.93 प्रतिशत महिला मतदाताओं और 57.14 प्रतिशत थर्ड जेण्डर मतदाताओं ने मतदान किया। इसी प्रकार सिलवानी विधानसभा में 81.27 प्रतिशत मतदान हुआ जिसमें 83.45 प्रतिशत पुरूष मतदाताओं ने और 78.89 प्रतिशत महिला मतदाताओं ने मतदान किया।

कलेक्टर दुबे ने बताया कि प्रदेश के साथ ही जिले में भी पहली बार मतदान में मुख्य रूप से दिव्यांग एवं 80 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ मतदाताओं के लिये विशेष सुविधायें प्रदान की गई। इन मतदाताओं को घर से मतदान करने की सुविधा उपलब्ध कराई गयी थी। इनके अतिरिक्त मतदान केन्द्रों पर मतदान हेतु आने वाले दिव्यांग और वृद्ध मतदाताओं के लिए व्हीलचेयर, रैम्प सहित सभी जरूरी इंतजाम किए गए। वृद्ध तथा दिव्यांग मतदाताओं को लाइन से हटकर पहले मतदान की सुविधा भी दी गई। सभी मतदान केन्द्रों पर छाया, बैठक व्यवस्था, पेयजल, शौचालय आदि समुचित व्यवस्थाएं उपलब्ध रहीं। जिले में मतदान केन्द्रों पर मतदान के लिए आने वाले नवीन मतदाताओं तथा वृद्ध मतदाताओं का पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया गया।

## मतदान सम्पन्न कराकर लौटे मतदान दलों का जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्वागत किया


**जिले में शांति पूर्ण मतदान संपन्न**

**रायसेन, देशबन्धु।** मप्र विधानसभा निर्वाचन-2023 अंतर्गत रायसेन जिले में 17 नवम्बर को मतदान सम्पन्न हुआ। मतदान दलों द्वारा मतदान संपन्न कराने के पश्चात जिला मुख्यालय रायसेन में शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज में बनाए गए मतदान सामग्री वापसी केन्द्र पहुंचने पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अरविंद दुबे ने मतदान दलों का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया गया। सर्वप्रथम सांची विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्र क्रमांक-122 लोक सेवा केन्द्र रायसेन का मतदान दल मतदान सामग्री वापसी केन्द्र पहुंचा।

इस मतदान केन्द्र को दिव्यांग मतदान केन्द्र बनाया गया था। यहां दिव्यांग मतदानकर्मियों द्वारा सुचारू रूप से पूर्ण मतदान प्रक्रिया सम्पन्न कराई गई। जिले में विधानसभा निर्वाचन हेतु चारों विधानसभाओं उदयपुरा, भोजपुर, सांची और सिलवानी में बनाए गए कुल 1226 मतदान केन्द्र पर स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से मतदान सम्पन्न हुआ।

# आदिवासी बहुल्य झाबुआ जिले में 73.10 प्रतिशत तो अलीराजपुर में 59.52 प्रतिशत हुआ मतदान





**झाबुआ, देशबंधु।** मप्र की 230 विधानसभा सीटों के लिए शुक्रवार को वोटिंग संपन्न हुई। आदिवासी बहुल झाबुआ जिले ने 2018 के मुकाबले 3 प्रतिशत अधिक मतदान किया। झाबुआ जिले में 73.10 प्रतिशत मतदान संपन्न हुआ। यह मतदान 2013 के मुकाबले कम रहा। तो वहीं अलिराजपुर में 59.52 प्रतिशत मतदाताओं ने मतदान किया। अलीराजपुर सीट पर 67 प्रतिशत तो जोबट सीट पर 52.94 प्रतिशत मतदान संपन्न हुआ।

दोनों जिलों की कुल 5 सीटों पर 1591 बूथों पर 14 लाख 33 हजार 197 मतदाता संख्या दर्ज है। झाबुआ जिले में 2008 में 65.16 प्रतिशत , 2013 में 77.78 प्रतिशत, 2018 में 70.21 प्रतिशत मतदान हुआ था। झाबुआ सीट पर 2019 के उपचुनाव में 62 प्रतिशत वोट डले थे। तो वहीं अलीराजपुर में 2008 में 56.18 प्रतिशत, 2013 में 56.70 प्रतिशत और 2018 में 60.9 प्रतिशत मतदान हुआ था। तो वहीं झाबुआ 64.05 प्रतिशत, थांदला में 81.47 प्रतिशत और पेटलावद में 75.23 प्रतिशत मतदान हुआ। झाबुआ जिले की तीनों सीटों पर 5 बजे तक के आंकड़े है। कई मतदान केंद्रों पर अभी भी मतदान चल रहा है। मतदान केंद्र पर 6 बजे तक आने वाले लोग मतदान कर रहे है। सभी जगह शांतिपूर्ण मतदान संपन्न होने की खबरें प्राप्त हुई है।

**झाबुआ विधानसभा**
प्रत्याशी 8
बूथ 356
पुरूष 155516
महिला 157216
थर्ड जेंडर 17
कुल 312749

**थांदला विधानसभा**
प्रत्याशी 8
बूथ 304
पुरूष 132289
महिला 133129
थर्ड जेंडर 06
कुल 265424

**पेटलावद विधानसभा**
प्रत्याशी 9
बूथ 321
पुरूष 143358
महिला 145226
थर्ड जेंडर 08
कुल 288592

**अलीराजपुर विधानसभा**
प्रत्याशी 6
बूथ 285
पुरूष 131193
महिला 133869
थर्ड जेंडर 06
कुल 265068

**जोबट विधानसभा**
प्रत्याशी 7
बूथ 325
पुरूष 149823
महिला 1515139
थर्ड जेंडर 02
कुल 301364

**झाबुआ जिला**
237 संवेदनशील बूथ
04 अति संवेदनशील बूथ
75 पिंक बूथ
10 आदर्श मतदान केंद्र

**अलीराजपुर जिला**
110 संवेदनशील बूथ
12 अतिसंवेदनशील बूथ
31 पिंक बूथ
20 आदर्श मतदान केंद्र

## ताप्ती तीरे

### सार समाचार

### बाइक को टक्कर मारकर ट्रैक्टर पलटा, 2 लोग घायल

**छतरपुर, देशबन्धु।** जिले के चंदला थाना क्षेत्र के अंतर्गत बंजारी मार्ग पर स्थित मलमू तलैया के पास एक अनियंत्रित ट्रैक्टर ने सामने से आ रही बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। इसके बाद ट्रैक्टर सड़क के नीचे खाई में जाकर पलट गया। इस घटना में बाइक सवार 2 लोग बुरी तरह से घायल हुए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्रैक्टर चंदला से बाजार से खरीददारी करके वापस अपने गांव लोहार पुरवा जा रहा था तभी बंजारी मार्ग से चंदला की ओर आ रही बाइक से उसकी टक्कर हो गई। घायलो के नाम बाइक सवार संजय पिता रामसिपाही राजपूत निवासी परसेड़ी और लालबाबू पिता भूरा निवासी चरही पुरवा बताये गए हैं। पूरे घटनाक्रम की सूचना चंदला पुलिस को दी। उसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को चंदला स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां पदस्थ डॉक्टर द्वारा घायलों का प्राथमिक उपचार करने के बाद घायलों को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है। ट्रैक्टर चालक अर्जुन राजपूत पिता श्रीपाल राजपूत निवासी निवासी लोहार पूरवा के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है।

### उद्यानिकी का किसानों को नही मिल रहा लाभ

**छतरपुर, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश सरकार का उद्देश्य है कि किसानों की माली हालत सुधारी जाए, जिसको लेकर मध्य प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार कई योजना ला रही और किसानों को लाभ पहुंचा रही है। पर उद्यानिकी विभाग द्वारा योजनाओं में पलीता लगाया जा रहा है। योजनाओं के नाम पर बिचौलिए लाभ उठा रहे है। विभाग का उद्देश्य है की पहले छोटे किसानों को उद्यानिकी विभाग की सभी योजनाओं का लाभ दिया जाय पर यहां बिचौलिए लाभ उठाते है इसलिए किसानों को न योजनाओं की जानकारी मिल पाती है और न लाभ मिल पाता है। मजे की बात ये है कि बिचौलियों के घर से किसानों को सामग्री दी जा रही है। इस कारण छोटे किसान इस योजना का लाभ नहीं उठा पा रहे है। उद्यानिकी के ब्लॉक के अधिकारियों के कारण पूरा खेल बिचोलियो के द्वारा शुरू हो गया अब किसानों की सुध कोई नही लेता। उद्यानिकी विभाग अंतर्गत खेती करने वाले किसानों को 50 प्रतिशत अनुदान भी मिलता है पर दलालों के कारण किसानों तक न लाभ पहुंच पा रहा न योजनाएं साथ ही प्रचार-प्रसार नहीं होने के कारण छोटे किसानों को योजनाओं को जानकारी ही नहीं हो पाती है।

**तहसीलदार भरत पांडे का कहना है :** कार्यालय नही खुला इसकी जांच करवाई जाएगी और किसानों को सभी योजनाओं का लाभ मिले उसके लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे।

### जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान सामग्री वितरण का निरीक्षण किया

**छतरपुर, देशबन्धु।** जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जी.आर. और पुलिस अधीक्षक अमित सांघी ने जिला मुख्यालय के उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक 1 एवं 2 में बनाए गए विधानसभा चुनाव के मतदान के लिए सामग्री वितरण केन्द्र का निरीक्षण किया।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने विधानसभा क्षेत्र चंदला, बिजावर, मलहरा एवं छतरपुर, महाराजपुर एवं राजनगर के लिए बनाए गए वितरण केन्द्रों के काउंटरों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के उन्होंने कहा किसी को कोई हेल्थ से संबंधित समस्या हो तो परिसर में मेडिकल टीम उपलब्ध है। जांच करवा सकते हैं। उन्होंने कहा कि सामग्री मिलान में कोई चीज की कमी है तो सेक्टर अधिकारी को बताएं। उन्होंने सामग्री प्राप्त होने पर सभी को अपने मतदान केंद्र पर रवाना होने की शुभकामनाएं दी। कलेक्टर ने कहा 17 नवंबर को प्रात: 5.30 बजे मॉलपोल करवाएं। मॉकपोल पोलिंग एजेंट की उपस्थिति में करें। तत्पश्चात सीआरसी करें। 17 नवंबर को जिले में 1587 मतदान केंद्रों पर मतदान सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक हो।

### कराना की दुकान से पकड़ी गई 33 लीटर शराब

**छतरपुर, देशबन्धु।** राजनगर थाना के अंतर्गत कस्बे में स्थित अजमेरी किराना स्टोर पर शुष्क दिवस के बावजूद अवैध तरीके से शराब बेची जाने की सूचना पर आबकारी विभाग की टीम ने वहां जाकर छापामार कार्यवाही की है। मुखबिर की सूचना पर की गई इस कार्यवाही के दौरान 33 लीटर देशी और विदेशी मदिरा जब्त की गई है। जब्त मदिरा की अनुमानित कीमत 13 हजार रुपए है। इस मामले मे आरोपी अजमेरी खान के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई कर प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। बताया गया है कि इस कार्यवाही के दौरान मौका पाकर आरोपी वहां से फरार हो गया है।

# जिले में कड़ी सुरक्षा के बीच 90 प्रतिशत मतदान













बैतूल, देशबन्धु। जिले के पांच विधानसभा क्षेत्र में सुबह से ही मतदान का रुझान बढ़ता रहा मतदान की यह स्थिति रही की सुबह 10 बजे के बाद जिले की पांचों विधानसभा क्षेत्र में मतदाता अपने घरों से निकलकर पोलिंग बूथ पर पहुंचकर मतदान करने पहुंचे। सुबह 11 बजे के बाद मत प्रतिशत में अपनी रफ्तार पकड़ी तो मतदान शाम 6 बजे तक अमला विधानसभा क्षेत्र में 77.90 प्रतिशत, बैतूल में 80.82 प्रतिशत, भैसदेही में 82.52 प्रतिशत, घोड़ाडोगरी में 82.02 प्रतिशत, मुलताई में 80.69 प्रतिशत का मतदान हुआ है। वर्ष 2018 में आमला विधानसभा चुनाव में 76.36 प्रतिशत मतदान हुआ था। इस तरह अमल विधानसभा क्षेत्र में वर्ष 2018 की अपेक्षा वर्ष 2023 में 1.54 प्रतिशत मतदान बढ़ गया है। आमला विधानसभा क्षेत्र में वर्ष 2018 में एक लाख 58 हजार 098 लोगों ने मतदान किया था। जो वर्ष 2023 में बढ़कर 16719 हो गया है इस तरह 5 वर्षों में 9621 मतदाता अधिक हुए हैं जिन्होंने अपने मत अधिकार का उपयोग किया।

### महारानी लक्ष्मीबाई मतदान केद्र 40 का ईवीएम हुई बंद

नगर पालिका परिषद सारनी के वार्ड क्रमांक 3 के बूथ क्रमांक 40 पर ईवीएम मशीन की बैटरी डिस्चार्ज हो जाने के कारण इस बैटरी को बदलने में आधा घंटा का समय लगा और आधे घंटे तक बूथ क्रमांक 40 पर मतदान बंद रहा। नई बैटरी आने के बाद पूर्व की भांति ईवीएम ने काम करना शुरू कर दिया था जिसकी वजह से पिठासिन अधिकारी को किसी भी तरह की दिक्कत का सामना नहीं करना पड़ा। बगडोना, शोभापुर, पाथाखेड़ा सारनी के अलावा गाताखेड़ा, बाकुड, विक्रमपुर, धोगरी, धसेड, सलैया, बिसलदेही, सुखाढाना, मडकढाना के मतदान केन्द्रों पर सुबह से लेकर शाम 6 बजे तक मतदाताओं की भीड़ लगी रही।

### 96 वर्षी पार्वती बाई ने मतदान केन्द्र पहुंचकर किया मतदान

निर्वाचन आयोग के माध्यम से बुजुर्ग मतदाताओं के घर पर मतदान करने के लिए योजना बनाई गई थी लेकिन विद्युत नगरी सारनी में मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी से सेवानिवृत्त हुए नारायण खातरकर की 96 वर्षीय मां को महारानी लक्ष्मी बाई वार्ड क्रमांक 3 के बूथ क्रमांक 40 में मतदान करने के लिए ले गए थे यहां पर परिवार के परिजनके माध्यम से इनका मतदान करवाया गया कुछ इसी तरह का नजारा केंद्रीय विद्यालय में भी देखने को मिला जहां पर 82 वर्षी बुजुर्ग मतदान करने पहुंचे।

**सुरक्षा व्यवस्था के रहे पुख्ता इंतजाम:** निर्वाचन कार्य में सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी तरह की कोई कोतही नहीं बरती गई सारनी एसडीओ रोशन कुमार जैन, थाना प्रभारी अरविंद कुमरे के माध्यम से शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार दौरा करके सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने का कार्य किया गया। हालांकि एक दो बुथों पर छूटमुट गर्मागर्मी का माहौल बना था, लेकिन पीठाासिन अधिकारी एवं सुरक्षा व्यवस्था में लगे पुलिस के जवानों के माध्यम से वहां की व्यवस्था को संभालने का काम किया गया।

## जिले में 65 प्रतिशत मतदान, बडी संख्या में महिलाओं ने दिया वोट

**छतरपुर, देशबन्धु।** शुक्रवार को सुबह 7 बजे से विधानसभा चुनाव के लिये मतदान शुरू हुआ जो देर शाम तक चलता रहा। बडी संख्या में मतदाताओं ने अपने अपने बूथों पर जाकर अपने पसंदीदा उम्मीदवार के पक्ष में ईव्हीएम का बटन दबाकर जिले के सभी 84 उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला मशीन में लाक कर दिया है।

समाचार लिखे जाने तक छतरपुर जिले में 65 प्रतिशत मतदान होने की जानकारी मिली है। सबसे ज्यादा मलहरा विधानसभा सीट पर 70.43 प्रतिशत और सबसे कम छतरपुर में 62.8 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है। इस बार ये खास बात रही कि पुरूष मतदाताओं की तुलना में बडी संख्या में महिलाओं ने अपने घर से निकलकर अपने पसंदीदा उम्मीदवार को वोट दिया है। छतरपुर में सुबह भाजपा प्रत्याशी ललिता यादव ने मतदान करके सभी मतदाताओं को अधिक से अधिक संख्या में बूथों पर जाकर मतदान का रिकार्ड बनाने का संदेश दिया। जिला निर्वाचन अधिकारी कलेक्टर संदीप जीआर ने अपनी पत्नी के साथ हायर सेकेंडरी स्कूल क्रमांक 2 के मतदान केन्द्र क्रमांक 184 में और छतरपुर रेंज के डीआईजी ललित शाक्यवार ने अपनी पत्नी के साथ दूधनाथ मंदिर के पास बने बूथ पर जाकर मतदान किया। पहली बार मतदान करने वाले युवाओं में सबसे अधिक जोश देखा गया वे सुबह से ही मतदान करने के लिये अपने बूथों पर पहुंच गये और मतदान के बाद सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी लेकर इस क्षण को यादगार बनाने से नहीं चूके। मतदान के लिये पुलिस व सीआरपीएफ की चाकचैबंद व्यवस्थाओं के बावजूद राजनगर में कांग्रेस विधायक विक्रम सिंह के समर्थकों से भाजपा प्रत्याशी अरविंद पटैरिया के समर्थकों की झडप में एक युवक की मौत हो गई। राजनगर पुलिस ने ही बहुजन समाज पार्टी के एक समर्थक की पिटाई कर दी। इसके बाद बसपा प्रत्याशी डा घासीराम पटेल ने थाने पहुंचकर विरोध जताया, जिसे बाद में शांत कर दिया गया।

## ग्रामीणों ने सुबह किया बहिष्कार, दोपहर बाद शुरू हुआ मतदान



**सीईओ और तहसीलदार ने पहुंचकर ग्रामीणों को दी समझाईश**

**मुलताई, देशबन्धु।** ग्राम पंचायत कपासिया में शुक्रवार विधानसभा चुनाव के दिन ग्रामीणों द्वारा मतदान का बहिष्कार कर दिया गया और कोई भी मतदाता मतदान करने केंद्र पर नहीं पहुंचा, हालांकि अधिकारियों की समझाइश के बाद 11 बजे तक कुल सात लोगों ने अपने मत का प्रयोग किया। लेकिन उसके बाद भी लोग मतदान करने नहीं पहुंचे। ग्रामीणों का कहना था कि उनके गांव में बनने वाला गोदाम ग्राम लखापुर में बनाया जा रहा है। वहीं उन्हें पीने के पानी सहित अन्य समस्या से भी जूझना पड़ता है। उनका कहना था कि मौके पर कलेक्टर आकर समस्या का निराकरण करें तभी वे मतदान करेंगे, अन्यथा वे मतदान नहीं करेंगे। दोपहर में जनपद सीईओ और तहसीलदार कर्मचारियों के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से चर्चा कर जल्द समस्या के समाधान की बात कहकर मतदान शुरू कराया, जिसके बाद शाम 5 बजे तक 76 प्रतिशत मतदान हुआ।

## नरखेड़ में शिकायत पर हटाया टेंट, धूप में खड़े दिखे मतदाता

**मुलताई, देशबन्धु।** प्रभात पट्टन विकासखंड के ग्राम नरखेड में शुक्रवार सुबह 6 बजे से ही बड़ी संख्या में ग्रामीण वोट देने के लिए मतदान केंद्र पर पहुंचे, जहां पर बूथ क्रमांक 189 और 190 के सामने टेंट लगा हुआ था, जिस पर कुछ निशान होने की शिकायत के बाद टेंट हटा दिया गया था।

टेंट हटाने के बाद दोपहर 12 बजे तक ग्रामीण मतदान करने के लिए धूप में खड़े दिखाई दिए। धूप अधिक होने के कारण उन्हें परेशानी हुई और कुछ मतदाता वोट दिए बिना ही वापस चले गए। उन्होंने नाराजगी जताई कि टेंट की व्यवस्था नहीं की गई, यदि टेंट हटा दिया गया था तो दूसरा टेंट लगवाया जाना चाहिए था। जागरूक युवा विजय मकोड़े ने बताया की ग्रामीणों ने इसकी शिकायत की जिसके बाद दोपहर 12 बजे दूसरा टेंट लगवाया गया। टेंट लगते ही मतदाता बड़ी संख्या में वोट डालने आए और देर शाम तक कुल 75 प्रतिशत



मतदान हुआ, हालांकि यह पिछली बार हुए मतदान से 2 प्रतिशत कम था। ग्रामीणों ने कहा की ग्राम सचिव की लापरवाही के कारण मतदाता वापस चले गए।

## 90 वर्ष पुरानी रामलीला रामजन्म के साथ हुई शुरू

**मुलताई, देशबन्धु।** ग्राम पंचायत डहुआ में विगत 90 वर्षों से लगातार रामलीला का मंचन भव्य स्तर पर होते आ रहा है। इस वर्ष भी डहुआ में रामलीला का मंचन 2 दिन पहले शुरू हुआ। वैसे तो दीपावली के दूसरे दिन ही रामलीला शुरू हो जाती है, लेकिन इस बार भद्रा होने के कारण रामलीला की दीपावली के तीसरे दिन शुरुआत की गई। जिसमें पहले दिन भगवान श्री राम जन्म और सीता जन्म की लीला दिखाई गई। रामलीला देखने के लिए बड़ी संख्या में आसपास ग्रामीण क्षेत्र के लोग पहुंच रहे हैं। ग्रामीण मनोज बारंगे ने बताया कि यह रामलीला कुल 13 दिन तक चलती है, जहां पर रामलीला के दूसरे दिन गुरुवार रात धनुष तोड़ने और परशुराम संवाद सहित भगवान राम और सीता विवाह की लीला का मंचन किया गया। उन्होंने बताया कि 1934



में शुरू हुई ऐतिहासिक रामलीला में अब अभिनय करने वाले लोग जरूर बदल गए हैं लेकिन अभी भी रामलीला उतनी ही रोचक है जितनी पहले हुआ करती थी।

## सार समाचार

### गोरखपुर-पनवेल-गोरखपुर के मध्य दो-दो ट्रिप स्पेशल ट्रेन भोपाल, इटारसी होकर चलेगी

**इटारसी, देशबन्धु।** रेल प्रशासन त्योहारी सीजन में अतिरिक्त यात्री यातायात क्लियर करने के उद्देश्य से गोरखपुर-पनवेल-गोरखपुर के मध्य दो-दो ट्रिप (सामान्य श्रेणी) स्पेशल ट्रेन चला रहा है, जो भोपाल एवं इटारसी स्टेशन पर हाल्ट लेकर गन्तव्य को जाएगी।

गाड़ी संख्या 05013 गोरखपुर-पनवेल एक्सप्रेस स्पेशल 24 नवंबर 2023 एवं 01 दिसंबर 2023 शुक्रवार को गोरखपुर स्टेशन से 09.00 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन 00.40 बजे भोपाल पहुंचकर, 00.45 बजे भोपाल से प्रस्थान कर, 01.45 बजे इटारसी पहुंचकर, 01.50 बजे इटारसी से प्रस्थान कर, 12.30 बजे पनवेल स्टेशन पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 05014 पनवेल-गोरखपुर एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन 25 नवंबर 2023 एवं 02 दिसंबर 2023 शनिवार को पनवेल स्टेशन से 14.30 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन 02.00 बजे इटारसी पहुंचकर, 02.05 बजे इटारसी से प्रस्थान कर, 03.50 बजे भोपाल पहुंचकर, 03.55 बजे भोपाल से प्रस्थान कर, 20.30 बजे गोरखपुर स्टेशन पहुंचेगी। इस गाड़ी में 20 सामान्य श्रेणी एवं 02 जनरेटर कार सहित कुल 22 कोच रहेंगे। यह गाड़ी खलीलाबाद, बस्ती, गोंडा, ऐशबाग, कानपुर सेण्ट्रल, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, भोपाल, इटारसी एवं भुसावल, स्टेशनों पर रुकेगी।

### सड़क नहीं तो वोट नहीं, ग्रामीणों ने किया चुनाव का बहिष्कार

**छतरपुर, देशबन्धु।** जिले में छतरपुर विधानसभा की ग्राम पंचायत रसुइयाभाटन के ग्राम राधेपुर में विकास न होने से नाराज ग्रामीणों ने चुनाव का बहिष्कार कर दिया है। जहां महज 8 वोट ही डाले जा सके हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि अधिकारियों ने खानापूर्ति के लिए 7.8 वोट फर्जी तरीके से डलवा दिये, ताकि पोलिंग का नाम खराब न हो। जानकारी के मुताबिक मामला छतरपुर विधानसभा के रसोईया भाटन ग्राम पंचायत के ग्राम राधेनगर का है। ग्रामीण बताते हैं कि हमारे गांव में रोड न होने का मामला है जो कई दिनों से चल रहा है। हमारे गांव से लोगों को निकालने के लिए रास्ता नहीं है पूर्व में भी कई बार शासन प्रशासन को ज्ञापन दे चुके हैं, पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। पहले भी हम लोगों ने अधिकारियों और नेताओं को चेतावनी दी थी कि अगर गांव में रोड नहीं तो वोट नहीं देंगे। अब रोड न होने के चलते हम चुनाव का बहिष्कार कर रहे हैं।

### लोकतंत्र को मजबूत करने और अपना कर्तव्य निभाने मताधिकार का प्रयोग

# 82 प्रतिशत से ज्यादा हुआ जिले में मतदान





**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** शुक्रवार को मप्र विधानसभा चुनाव के लिए जिले की चारों विधानसभा क्षेत्रों में सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक जनता ने अपना अमूल्य मत प्रत्याशियों को दान कर लोकतंत्र को मजबूत बनाया और अपने कर्तव्य का पालन किया। नर्मदापुरम की चारों सीट पर शाम 5 बजे तक 76.97 प्रतिशत मतदान हुआ। वहीं जिल की चारों विधानसभाओं में 6 बजे तक कुल 82.71 प्रतिशत मतदान हुआ है। खबर लिखे जाने तक शाम 6 बजे केंद्र पर उपस्थित मतदाताओं के मतदान जारी थे। हालांकि इस बार फिर शत प्रतिशत मतदान का सपना अधूरा रह गया। जिले भर में मतदान की गति धीमी रही। पहले दो घंटे में अर्थात सुबह 7 से 9 बजे तक जिले में मात्र 6.80 प्रतिशत मतदान हुआ, सिवनीमालवा में 4.52, होशंगाबाद में 2.09, सोहागपुर में 14 एवं पिपरिया में 6.80 प्रतिशत था। सुबह 11 बजे तक मतदान का प्रतिशत बढ़कर 31.10 हो गया था, जिसमें सिवनीमालवा में 32.66, होशंगाबाद में 25.96, सोहागपुर में 34.32 प्रतिशत एवं पिपरिया में 31 प्रतिशत था। इसके बाद दोपहर 1 बजे तक जिले में 47.54 प्रतिशत मतदान हुआ, जिसमें सिवनीमालवा में 45.19, होशंगाबाद में 40, सोहागपुर में 53 एवं पिपरिया में 51.54 प्रतिशत था। दोपहर 3 बजे तक जिले में 62.96 प्रतिशत मतदान हो चुका था, सिवनीमालवा में 63, होशंगाबाद में 57, सोहागपुर में 67 एवं पिपरिया में 64.4 प्रतिशत था। इस दौरान एक मतदान केंद्र की ईवीएम खराब होने के कारण मतदाताओं को कुछ देर इंतजार भी करना पड़ा। तो वहीं कई मतदाता बिना वोट डाले ही वापस लौट गए। नर्मदापुरम के एसएनजी स्कुल में बने पोलिंग बूथ पर नाम कटने से एक दंपति को बिना मतदान किए लौटना पड़ा। बीएलओ से बूथ पर दंपति मतदाता की बहस भी हुई। तो वहीं जिले की सिवनीमालवा विधानसभा के विस्थापित ग्राम नया साकई के मतदाताओं ने मतदान का बहिष्कार कर दिया था। रोड की समस्या को लेकर आदिवासी मतदाताओं ने बहिष्कार किया था। गांव के चौराहे पर खड़े होकर आदिवासियों ने मतदान का बहिष्कार कर जमकर नारेबाजी की। बाद में मतदाताओं ने मतदान किया। विधानसभा सिवनीमालवा के साकई में 241 मतदाताओं में से 100 से अधिक एवं झालई में 98 में से 90 मतदाताओं ने 4 बजे तक मतदान किया।

### सुरक्षा व्यवस्था रही चाक चौबंद

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नीरज कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक डॉ गुरकरन सिंह ने सुबह से ही मतदान केंद्रों पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने सभी विधानसभा क्षेत्रों का भ्रमण कर मतदान केंद्रों का बारीकी से निरीक्षण किया और अधिकारियों को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान संपन्न करने के लिए पाबंद किया। सभी विधानसभा क्षेत्र में आदर्श मतदान केंद्र, पिंक बूथ, युवा केंद्र केंद्र और दिव्यांग मतदान के लिए केंद्र भी बनाए गए।

### कलेक्टर एवं एसपी ने किया सघन निरीक्षण

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री नीरज कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक डॉ गुरकरण सिंह द्वारा सुबह से लेकर मतदान समाप्ति तक मतदान केंद्रों का सघन निरीक्षण किया गया। उन्होंने होशंगाबाद विधानसभा के मतदान केंद्रों निरीक्षण के पश्चात सोहागपुर विधानसभा अंतर्गत मतदान केंद्र ग्राम गुर्जरवाडा , मानागांव, नयामाना, नया चूरना, नयाधाई, खारदा, किसनपुर, लखनपुर, रानीगोहन, रेवा बनखेड़ी इत्यादि मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया।

### नव मतदाताओं, बुजुर्गों एवं दिव्यांगों ने उत्साह के साथ किया मतदान



मतदान करने के लिए युवाओं, सहित बुजुर्गों एवं दिव्यांगजनों में भारी उत्साह देखा गया। लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं को मजबूत बनाए रखने में घर के युवा, वृद्धजन व दिव्यांगजन कोई भी पीछे नहीं रहा। उन्होंने भी मतदान केंद्रों पर उपलब्ध व्हीलचेयर की सुविधा का लाभ लेते हुए उत्साह से अपने मताधिकार का उपयोग किया। सभी मतदान केंद्रों पर वृद्ध एवं दिव्यांग मतदाताओं के लिए व्हीलचेयर की व्यवस्था की गई थी।जिले के इटारसी में बनाए गए आदर्श मतदान केंद्र शा महात्मा गांधी स्मृति महाविद्यालय में नव मतदाताओं ने वोट किया। केंद्र पर नव मतदाताओं और वृद्ध मतदाताओं को स्थानीय प्रशासन ने तुलसी का पौधा भी भेंट किया गया। मतदान केंद्र क्रमांक 85 वार्ड नंबर 30, गोकुलपुरी ग्वालटोली नर्मदापुरम निवासी कुसुम श्रीवास उम्र 77 वर्ष, उमाशंकर श्रीवास्तव उम्र 85 वर्ष मतदान केंद्र क्रमांक 93 वार्ड नंबर 32 ग्वालटोली नर्मदापुरम, कुन्तीबाई मालवीया उम्र 83 वर्ष बंगाली कालोनी नर्मदापुरम, मालाखेड़ी निवासी 85 वर्षीय वृद्ध सुंदरलाल तिवारी ने अपने मतदान केंद्र शासकीय प्राथमिक शाला कोठी बाजार में मतदान किया। इटारसी में 103 वर्षीय बुजुर्ग फूलवती बाई ने मतदान केंद्र गांधीनगर इटारसी में मतदान किया। फूलवती बाई को व्हीलचेयर के माध्यम से मतदान केंद्र लाया गया।

## अवैध शराब विरुद्ध कार्यवाही, 179 लीटर शराब एवं 2300 किलो महुआ लहान जब्त



**इटारसी, देशबन्धु।** कलेक्टर नीरज कुमार सिंह के निर्देश एवं जिला आबकारी अधिकारी अरविंद सागर के मार्गदर्शन में अवैध शराब के विक्रय निर्माण परिवहन संग्रहण के विरुद्ध अभियान के अंतर्गत निर्वाचन शुष्क दिवस पर आबकारी उड़नदस्ता टीम ने नर्मदापुरम, इटारसी, पिपरिया, सिवनी मालवा, सोहागपुर क्षेत्रों में सूचना के आधार पर आबकारी उडनदस्ता टीम द्वारा दबिश की कार्यवाही की।

इस दौरान कुल 179 लीटर अवैध कच्ची हाथभट्टी शराब जब्त कर एवं 2300 किलो ग्राम महुआ लहान जब्त किया। मध्यप्रदेश प्रदेश आबकारी अधिनियम की 1915 की धारा 34(1) के तहत 17 प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया। जब्त सामग्री की अनुमति कीमत 261630 रुपए है। कार्यवाही में उड़नदस्ता प्रभारी एनपी सिंह, सहायक जिला आबकारी अधिकारी आबकारी उपनिरीक्षक सुयश फौजदार, राजेश साहू, हेमन्त चौकसे, आबकारी आबकारी उपनिरीक्षक केके पडरिया, आरक्षक आबकारी स्टाफ शामिल रहे।

## सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने मंडल के स्टेशनों पर एवं गाड़ियों में सघन निगरानी



**इटारसी, देशबन्धु।** त्योहारी सीजन में सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने भोपाल मंडल के महत्वपूर्ण स्टेशनों सहित अन्य स्टेशनों पर वाणिज्य कर्मियों, आरपीएफ एवं जीआरपी द्वारा संयुक्त रूप से समन्वय कर डॉग एस्कार्ट, बम एस्कार्ट की मदद से यात्री सामान, पार्सल, ज्वलनशील वस्तु, बम इत्यादि की विशेष रूप से चैकिंग की जा रही है।

विशेष महत्वपूर्ण यात्री गाडियों में यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए रेल सुरक्षा बल द्वारा गाड़ियों की मॉनिटरिंग की जा रही है। स्टेशनों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से स्टेशन तथा रेलवे परिसर में संदिग्धों पर गहनता से नजर रखी जा रही है। भोपाल मण्डल के सभी रेलवे स्टेशनों पर भीड़ नियंत्रण की व्यवस्था की गई है। स्पेशल ट्रेनों संबंध में उद्घोषणा सुनिश्चित की जा रही है ताकि यात्रियों को कोचों के स्थान और उस प्लेटफॉर्म के बारे में पता चल सके। व्यवस्था को सुचारु रूप से नियंत्रित करने के लिए स्टेशनों पर सरकारी रेलवे पुलिस (जीआरपी) और रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के कर्मचारियों एवं वरिष्ठ अधिकारियों को तैनात किया गया है। प्रमुख स्टेशनों पर सीसीटीवी नियंत्रण कक्ष स्थापित किए गए है।

## प्रमुख नेताओं ने किया मतदान



**इटारसी, देशबन्धु।** भाजपा प्रत्याशी और विधायक डॉ.सीतासरन शर्मा ने इटारसी के आठवी लाइन स्थित मराठी शाला में अपनी पत्नी श्रीमती कल्पना शर्मा के साथ मतदान किया। इस अवसर पर मीडिया से चर्चा में उन्होंने कहा कि जिले की चारों सीटों पर भाजपा जीतेगी साथ ही मध्यप्रदेश में सरकार भाजपा की बनेगी।

प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष माणक अग्रवाल ने अपनी पत्नी के साथ शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सूरजगंज पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उन्होंने दावा किया कि प्रदेश में पूर्ण बहुमत की सरकार कांग्रेस की ही बनेगी। पूर्व मंत्री विजय दुबे काकूभाई, कांग्रेस लीगल सेल के सचिव रमेश के साहू ने परिवार सहित और भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ के सह-संयोजक दीपक अग्रवाल ने शासकीय स्टेशनगंज शाला में मताधिकार का प्रयोग किया।

## सभी से मतदान करने की अपील




इटारसी निवासी दिव्यांग दंपति आलोक शुक्ला और सीमा शुक्ला ने जोश खरोश के साथ लोकतंत्र के इस महोत्सव में हिस्सा लिया। विधानसभा निर्वाचन के तहत आज आलोक शुक्ला ने अपनी धर्मपत्नी के साथ होशंगाबाद विधानसभा अंतर्गत इटारसी के सूखा सरोवर मतदान केंद्र पर पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर जागरूक नागरिक होने का संदेश दिया। उन्होंने दिव्यांगों और वृद्धों को जो घर पहुंच मतदान सुविधा उपलब्ध कराई गई थी, उसके लिए जिला प्रशासन का आभार माना। उन्होंने कहा कि हम मतदान केंद्र पर स्वयं जाकर मतदान कर सभी को संदेश देना चाहते हैं कि अगर हम मतदान कर सकते हैं, तो बाकी क्यों नहीं। उन्होंने मतदान केंद्र पर उपलब्ध व्हीलचेयर सुविधा का भी लाभ नहीं लिया। उन्होंने सभी 18 वर्ष से अधिक के आयु के मतदाताओं से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। आलोक शुक्ला ने अपने मोटरगाड़ी में लोकतंत्र का पर्व मनाएंगे, हम सब मतदान करने जाएंगे उल्लेखित कर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया।

## दिव्यांगों, बुजुर्गों ने किया मतदान



विधानसभा चुनाव में मतदान के लिए बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाता भी पीछे नहीं रहे। सभी मतदान केंद्रों पर वृद्ध एवं दिव्यांग मतदाताओं के लिए व्हीलचेयर की व्यवस्था भी की गई थी। सभी ने उत्साह से अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इटारसी के गांधीनगर में 103 वर्ष की बुजुर्ग फूलवती बाई ने मतदान किया। उनको व्हीलचेयर पर मतदान केन्द्र तक ले जाया गया था। इसी तरह से श्रीमती कलावंती मिहानी 102 वर्ष ने भी अपना मतदान किया।

# ग्राम बांदरी में सराहनीय व्यवस्था



**इटारसी, देशबन्धु।** सिवनी मालवा विधानसभा के अंतर्गत केसला विकासखंड के शासकीय माध्यमिक शाला ग्राम पंचायत बांदरी में बने मतदान केन्द्र में पंचायत सचिव मनीष राजपूत, सरपंच सुषमा दीपक इवने और उपसरपंच संध्या मुकेश यादव के प्रयासों से पंचायत ने मतदाताओं के लिए सराहनीय व्यवस्था की थी। यहां एक बड़ा सा टेंट लगाया गया था, जिसमें कुर्सियों की व्यवस्था थी। मतदाताओं को अपना नंबर आने का इंतजार के लिए खड़े रहने की अपेक्षा बिठाया गया था। मतदान केन्द्र पर पीने के पानी की भी व्यवस्था की गई थी।

### अनेक महिला टीचर मतदान से वंचित

जिले की कुछ महिला टीचर ऐसी हैं, जिनसे फार्म-12 भरवाकर डाक मतदान के लिए अनुबंधित तो कर लिया, लेकिन उनकी ड्यूटी कहीं नहीं लगी और वे डाक मतदान भी नहीं कर सके। चूंकि वे फार्म-12 भर चुके थे तो उनको ईवीएम से भी वोट नहीं डालने दिया गया। इस स्थिति में नाम नहीं छापने की शर्त पर एक महिला टीचर ने बताया कि उनको मतदान नहीं करने पर काफी दुख हो रहा है। शासन के अधिक से अधिक मतदान करने की मुहिम में आगे होकर काम करके उन्होंने लोगों को प्रेरित किया, स्कूल में जब निर्वाचन आयोग की टीम आयी तो बच्चों ने उत्साह से स्वागत किया। मतदान करने के लिए प्रचार-प्रसार में भी शामिल हुए लेकिन, स्वयं मतदान नहीं कर सके। उन्होंने एसडीएम से बात की, उनको जवाब मिला कि आरओ से बात करके बताते हैं, लेकिन दोबारा कोई संपर्क नहीं हुआ। मतदान केन्द्र पर भी जब निर्वाचन आयोग का दल आया तो उनसे बात करने पर जवाब मिला कि आप फार्म-12 भर चुके हैं, फिर कैसे उम्मीद कर रहे हैं कि आप इस तरह से वोट देंगे? आखिरकार वे मतदान नहीं कर सके और मतदान नहीं करने पर काफी मायूस भी हैं।

### रोड नहीं तो वोट नहीं के नारे के साथ किया था बहिष्कार

# मतदान को राजी हुए सांकई और झालई गांव के निवासी




**इटारसी, देशबन्धु।** ग्राम पंचायत बाबईखुर्द के विस्थापित गांव सांकई और विस्थापित ग्राम साकई ग्राम पंचायत बाबई खुर्द ब्लॉक केसला तहसील इटारसी जमानी के पास विस्थापित गांव झालई के निवासियों ने आज सुबह चुनाव बहिष्कार की घोषणा कर गांव में रोड नहीं तो वोट नहीं के नारे के साथ आंदोलन कर दिया।

सिवनी मालवा विधानसभा के इन दोनों गांवों के ग्रामीणों ने आज सुबह से ही चुनाव का बहिष्कार किया था। एसडीएम नीता कोरी के प्रयास और जमानी गांव के समाजसेवी हेमंत दुबे के हस्तक्षेप के बाद आखिरकार लंबे समय तक बातचीत और समझाईश पर ग्रामीण वोट डालने को राजी हुए। शाम 3 बजे तक ग्राम सांकई और झालई में सुचारू रूप से मतदान जारी था। ग्राम सांकई में 241 मतदाताओं में से 100 से अधिक एवं झालई में 98 में से 90 मतदाताओं ने अभी तक मतदान कर चुके थे।

# [अर्थ जगत]

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें यथावत



**नई दिल्ली,** 17 नवंबर (एजेंसियां)। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी लौटने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज यथावत रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा।

### सर्वाधिक बढने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 4.09 प्रतिशत |
| पावरग्रिड | 1.50 प्रतिशत |
| इंडसइंड बैंक | 1.31 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 1.06 प्रतिशत |
| एलटी | 1.00 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| हिंदुस्तान यूनिलीवर | 1.56 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 1.33 प्रतिशत |
| इंफोसिस | 1.22 प्रतिशत |
| रिलायंस | 1.11 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 1.00 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 2500-2600 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### चावल

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3640-3740 |
| चीनी एम | 3800-3900 |
| मिल डिलीवरी | 3520-3620 |
| गुड़ | 4300-4400 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6450-6550 |
| दाल चना | 7450-7550 |
| मसूर काली | 7800-7900 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9900-10000 |
| अरहर दाल | 10400-10500 |

## आरबीआई ने रुपये में व्यापार करने में निर्यातकों की मदद के लिए बैंकों को विशेष खाता खोलने की अनुमति दी

**मुंबई,** 18 नवंबर (एजेंसियां)। आरबीआई ने शुक्रवार को एक आदेश जारी कर विशेष रुपया वोस्ट्रो खाता रखने वाले बैंकों को अपने ग्राहकों को उनके निर्यात से जुड़े लेनदेन के निपटान में सक्षम बनाने के लिए एक अतिरिक्त विशेष चालू खाता खोलने की अनुमति दी। इस कदम का उद्देश्य निर्यातकों को अधिक परिचालन लचीलापन प्रदान करना है।

आरबीआई ने पिछले साल 11 जुलाई को अधिकृत डीलर बैंकों के पास रखे गए भागीदार व्यापारिक देश के संवाददाता बैंकों के विशेष रुपया वोस्ट्रो खातों के माध्यम से भारतीय रुपये में निर्यात/आयात के चालान, भुगतान और निपटान के लिए एक अतिरिक्त व्यवस्था की थी।

आरबीआई के इस कदम का उद्देश्य उन देशों के बीच व्यापार प्रवाह बढ़ाना है जो अंतर्राष्ट्रीय व्यापार का डॉलर की बजाय रुपये में निपटाना पसंद करते हैं। घरेलू स्तर पर, रुपये में निर्यात और आयात करने वाले व्यवसायों को विनिमय दर के उतार-चढ़ाव से बेहतर ढंग से बचाया जा सकता है।



### कोयला क्षेत्र में की गई प्रगति की झांकी प्रस्तुत कर रहा है कोल इंडिया मंडप

कोयला सचिव अमृत लाल मीणा ने प्रगति मैदान में चल रहे भारत के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला (आईआईएफटी) 2023 में कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) के प्रदर्शनी मंडप का शुक्रवार को दौरा किया और कोयला क्षेत्र के विकास में देश की इस महारत्न कंपनी के प्रयासों की सराहना की। श्री मीणा के साथ अपर सचिव विस्मिता तेज और मंत्रालय के अन्य अधिकारी भी थे। श्री मीणा ने कोल इंडिया के प्रयासों की सराहना करते हुए और सीआईएल से भारत के कोयला क्षेत्र की प्रगति के बारे में नागरिकों के बीच जागरूकता बढ़ाने के लिए पहल करते हुए विकास के पथ पर आगे बढ़ने का आह्वान किया। मंडम में लगी झांकियों में कोल इंडिया के विभिन्न व्यावसायिक और तकनीकी विकास के प्रयासों के साथ साथ सामुदायिक कल्याण और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कंपनी के कार्यों को भी दर्शाया गया है। मंडप में पिछले दशक में कोल इंडिया की उपलब्धियों को प्रदर्शित किया, जिसमें देश की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने और पर्यावरणीय स्थिरता और आस-पास के समुदायों के कल्याण के प्रति समर्पण सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता को दर्शाया गया है। इसमें दर्शाया गया है कि कैसे कोलडैशबोर्ड जैसे लाइव पोर्टल सहायक कंपनी के साथ-साथ नए शामिल वाणिज्यिक खनिकों द्वारा कोयला उत्पादन और ऑफ-टेक की तत्काल की स्थिति दिखाते हैं। कंपनी का एक अन्य पोर्टल, उत्तम सीआईएल के विभिन्न क्षेत्रों में उत्पादित कोयले की गुणवत्ता पर प्रकाश डालता है। मेले में कोयला खान निगरानी प्रबंधन प्रणाली (सीएमएसएमएस) की नागरिक-केंद्रित पहल भी प्रदर्शित की गयी जा रही है, जो किसी भी नागरिक को खनन प्रहरी एप के माध्यम से अपने फोन पर कोयला खान के नजदीक अवैध या संदिग्ध गतिविधि की रिपोर्ट करने की सुविधा देती है।

## 91 प्रतिशत भारतीय जेन जेड कर्मचारी कार्यस्थल पर एआई अपनाने को तैयार



**नई दिल्ली,** 17 नवंबर (एजेंसियां)। भारत में जेन जेड कार्यस्थल में कर्मचारी जेनरेटिव एआई का उपयोग करने के लिए उत्साहित है। 91 प्रतिशत ने कहा कि वे अपने नियोक्ता के लिए रोजमर्रा के काम में प्रौद्योगिकी को अपनाने के लिए तैयार हैं। शुक्रवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

एडोब के फ्यूचर वर्कफोर्स स्टडी फॉर इंडिया के अनुसार, जहां 81 प्रतिशत जेन जेड कर्मचारियों ने अपने काम को बढ़ाने के लिए जेनरेटिव एआई का लाभ उठाया है, वहीं 45 प्रतिशत अपनी नौकरी से संबंधित कठिन कौशल के लिए प्रशिक्षण चाहते हैं, जबकि 40 प्रतिशत सॉफ्ट स्किल के लिए प्रशिक्षण चाहते हैं।

एडोब इंडिया के उपाध्यक्ष और प्रबंध निदेशक प्रतिभा महापात्र ने कहा, जेन ज़ेड कर्मचारी अब तक की सबसे तकनीक-प्रेमी पीढ़ी हैं, और वे जेनरेटिव एआई जैसी तकनीकों को अपनाने के लिए उत्सुक हैं। इस अवसर का लाभ उठाने के लिए, संगठनों को इन प्रौद्योगिकियों को अपनाने और एक ऐसी संस्कृति को बढ़ावा देने के बीच संतुलन बनाना चाहिए जो उभरती आवश्यकताओं के अनुरूप हो।

जेन जेड काम पर अपने दृष्टिकोण देने के लिए उत्सुक है। अधिकांश उत्तरदाताओं (96 प्रतिशत) का कहना है कि वे अपने साथियों और सहकर्मियों को प्रतिक्रिया देने में सहज हैं। देश में जेन जेड श्रमिकों का भारी बहुमत (93 प्रतिशत) न केवल प्रभाव में, बल्कि कॉर्पोरेट सीढ़ी से सी-सूट तक बढ़ने के लिए उत्सुक हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है, 87 प्रतिशत का कहना है कि वे अपनी कंपनी में करियर विकास के अवसरों के बारे में अच्छा महसूस करते हैं, जबकि 46 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने पदोन्नति के लिए कोई स्पष्ट रास्ता नहीं होने को नौकरी छोड़ने के शीर्ष कारणों में से एक माना है। जेन जेड भी करियर मार्गदर्शन के लिए उत्सुक है।

## होण्डा ने लाँच की की नई 'सीबी350'

**नई दिल्ली,** 17 नवम्बर, (एजेंसियां)। प्रीमियम मिड-साइज़ 350सीसी मोटरसाइकिल सेगमेन्ट में अपनी स्थिति का मजबूत बनाते हुए होण्डा मोटरसाइकिल एण्ड स्कूटर इंडिया ने आज नई रेट्रो-क्लासिक सीबी350 का लॉन्च करने की घोषणा की जिसकी दिल्ली में एक्स शोरूम कीमत 199900 रुपये है। कंपनी ने आज यहां कहा कि टेक्नोलॉजी और परफोर्मेन्स के शानदार संयोजन तथा टाईमलैस क्लासिक डिज़ाइन में तैयार की गई होण्डा सीबी350 की उपभोक्ता अपने नज़दीकी बिगविंग डीलरशिप पर बुकिंग कर सकते हैं और जल्द ही डिलीवरी शुरू कर दी जाएगी। उसने कहा कि नई सीबी350 के लॉन्च के साथ अपनी मिड-साइज़ 350सीसी मोटरसाइकिल रेंज का विस्तार किया गया है। इस रेट्रो क्लासिक मोटरसाइकिल का लॉन्च नए उपभोक्ताओं को तेज़ी से बढ़ते सीबी परिवार में शामिल होने के लिए उत्साहित करेगा। नई सीबी350, होण्डा के आइकोनिक स्टाइलिंग मूल्यों के साथ टाईमलैस क्लासिक डिज़ाइन का संयोजन है। कला और शक्ति का संयोजन यह मोटरसाइकिल बीते युग की भव्यता का प्रमाण है, जिसे आज के राइडरों के लिए नया आयाम दिया गया है। सीबी350 माचो लुक और मस्कुलर फ्यूल टैंक के साथ आती है। ऑल-एलईडी लाइडिंग सिस्टम (राउण्ड एलईडी हैडलैम्प, एलईडी विंकर्स और एलईडी टेल लैम्प) इसके स्टाइलिंग क्रशंट को कई गुना बढ़ा देते हैं।

## मिर्जापुर के पीतल की चमक देश के कई प्रदेशों में फैली

मिर्जापुर,17 नवम्बर (एजेंसियां)। मिर्जापुर के पीतल की चमक इस बार बिहार, ओडिशा, झारखंड आदि प्रदेशों तक पहुंच गयी है। डाला छठ पर्व पर पीतल नगरी में निर्मित सूप का बिहार सहित अन्य राज्यों में धूम रहेगी। सूप की मांग को देख व्यवसायी और बर्तन निर्माता के चेहरे खिले हैं।

दरअसल, मिर्जापुर का पीतल अपनी बेहतर गुणवत्ता को लेकर पूरे देश में प्रसिद्ध है। यहां के कारीगर जस्ता और तांबे को उचित अनुपात में मिश्रण कर बेहतरीन पीतल बनाने में महारत हासिल कर रखी है। इस तरह के पीतल देश में नही बनते। लिहाजा यहां के पीतल की मांग पूरे देश में रहती रही है। यहां केवल बड़े बर्तन बनने से यह पीतल नगरी पिछड़ गयी थी। पर समय के साथ परिवर्तन करने से



फिर सम्भावना बलवती हुई।

डाला छठ महापर्व पर पीतल के सूप,दीपक, लोटा घंटी सहित अन्य पूजन सामग्री बनी और बाजार में सजी हुई है। बाजार में आठ सौ ग्राम से लेकर एक किलो तक के पीतल के सूप मौजूद हैं ।इसी तरह के अन्य पूजन सामग्री भी ग्राहकों की क्षमता के मुताबिक छोटे बड़े कम वजनी है। पीतल के बड़े निर्माता विश्वनाथ अग्रवाल बताते हैं कि इस बार डाला छठ पर्व पर जिले के पीतल के सूप की मांग बिहार झारखंड ओडिशा असम राज्य सहित पूर्वांचल में है ।वे बताते हैं कि अब तक तीन टन से अधिक सूप की डिलिवरी की जा चुकी है। ऐसे यहां बर्तन के कई निर्माता हैं।

स्थानीय दुकानदारों द्वारा अपने प्रतिष्ठान पीतल के बने पूजन सामग्री को सजाया है। डाला छठ पूजन के लिए लोगों को आकर्षित कर रही है। मां विंध्यवासिनी देवी के दर्शन पूजन करने आने वाले दर्शनार्थियों में पीतल के सूप आकर्षण के केन्द्र है ।वे मिर्जापुर के प्रसिद्ध पीतल लेना नही भूल रहे हैं ।खुले बाजार में सूप की कीमत 680रुपये प्रति किलो निर्धारित है। फिलहाल पीतल की चमक देश में बढ़ने से उत्साहित हैं। उनके चेहरे पर भी चमक स्पष्ट दिखती है।

**सार संक्षेप**

### फेडरल बैंक ने पेश किया यूपीआई लाइट, छोटे पेमेंट को बनाएगा बेहद आसान

**नई दिल्ली।** निजी क्षेत्र के फेडरल बैंक ने शुक्रवार को कहा कि उसने अपने ऑनलाइन नेटवर्क पर छोटे मूल्य के डिजिटल लेनदेन के लिए यूपीआई लाइट लॉन्च की सुविधा शुरू की है । उल्लेखनीय है कि नेशनल पेमेंट कॉरपोरेशन (एनपीसीआई)ने पिछले दिनों यूनीफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) का आसान संस्करण 'यूपीआई लाइट' प्रस्तुत किया था। फेडरल बैंक के कार्यकारी निदेशक शालिनी वॉरियर कहती हैं, यूपीआई देश में हो रही डिजिटल क्रांति का केंद्र बिंदू है। यूपीआई लाइट' ग्राहकों को एक तेज, बहुत कारगर और किफायती नकद लेनदेन का विकल्प उपलब्ध कराता है। उन्होंने कहा कि फेडरल बैंक यूपीआई लाइट लॉन्च करके ग्राहकों को एक बड़ी डिजिटल सुविधा उपलब्ध कराने में दूसरी बैंकों से आगे है। यूपीआई लाइट में दैनिक लेन-देन की सीमा अधिकतम 500 रुपए,, दैनिक भुगतान की सीमा 4,000 रुपए और अधिकतम बैलेंस की सीमा 2000 रुपए है।

## बैंकिंग, तेल व गैस समूह में बिकवाली से बाजार गिरा

**मुंबई** 17 नवंबर (एजेंसियां)। महंगाई आंकड़ों को ध्यान में रख अगले वर्ष तक ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद से विश्व बाजार में तेजी आने के बावजूद स्थानीय स्तर पर ऊर्जा, बैंकिंग और तेल एवं गैस समेत सात समूहों में हुई बिकवाली के दबाव में आज शेयर बाजार गिर गया। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 187.75 अंक की गिरावट लेकर 65794.73 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 33.49 अंक उतरकर 19731.80 अंक पर आ गया। वहीं, दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों में लिवाली हुई। इससे बीएसई का मिडकैप 0.27 प्रतिशत की तेजी के साथ 33,380.58 अंक और स्मॉलकैप 0.36 प्रतिशत चढ़कर 39,598.63 अंक पर रहा। इस दौरान बीएसई में कुल 3864 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1996 में तेजी जबकि 1736 में गिरावट रही वहीं 132 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 28 कंपनियों हरे जबकि शेष 22 लाल निशान पर बंद हुई। बीएसई के सात समूहों में बिकवाली का दबाव रहा। इस दौरान ऊर्जा 0.97, वित्तीय सेवाएं 0.83, आईटी 0.10, बैंकिंग 1.48, धातु 0.14, तेल एवं गैस 1.35 और टेक समूह के शेयर 0.26 प्रतिशत गिर गए। वहीं, कमोडिटीज 0.49, सीडी 0.63, एफएमसीजी 0.79, हेल्थकेयर 0.88, इंडस्ट्रियल्स 1.17, ऑटो 0.63, कैपिटल गुड्स 1.29 और रियल्टी समूह के शेयर 0.50 प्रतिशत मजबूत रहे। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तेजी का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.88, जर्मनी का डैक्स 0.71, जापान का निक्केई 0.48 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.11 प्रतिशत चढ़ गया जबकि हांगकांग के हैंगसेंग में 2.12 प्रतिशत की गिरावट रही। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 194 अंक लुढ़ककर 65,788.79 अंक पर खुला लेकिन लिवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 66,037.69 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, बिकवाली के दबाव में यह कारोबार के अंतिम चरण में 65,639.74 अंक के निचले स्तर तक टूट गया। अंत में पिछले दिवस के 65,982.48 अंक के मुकाबले 0.28 प्रतिशत की गिरावट लेकर 65,794.73 अंक पर रहा। इसी तरह निफ्टी 90 अंक उतरकर 19,674.75 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 19,806.00 अंक के उच्चतम जबकि 19,667.45 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 19,765.20 अंक की तुलना में 0.17 प्रतिशत फिसलकर 19,731.80 अंक पर आ गया।

इस दौरान सेंसेक्स की जिन दिग्गज कंपनियों के शेयर नुकसान में रहे उनमें एसबीआई 3.64, एक्सिस बैंक 3.03, बजाज फाइनेंस 1.99, आईसीआईसीआई बैंक 1.45, इंफोसिस 0.43, कोटक बैंक 0.43, विप्रो 0.42, रिलायंस 0.32, बजाज फिनसर्व 0.30, एचडीएफसी बैंक 0.22, एचसीएल टेक 0.19, टेक महिंद्रा 0.17, एनटीपीसी 0.14, जेएसडब्ल्यू स्टील 0.09 और इंडसइंड बैंक 0.09 प्रतिशत शामिल हैं।

## साऊथ इंडियन बैंक आयोजित कर रही एसआईबी इग्नाइट : क्विजेथॉन

**नई दिल्ली,** 17 नवंबर (एजेंसियां)। साऊथ इंडियन बैंक राष्ट्रीय स्तर की क्विज प्रतिस्पर्धा 'एसआईबी इग्नाइट क्विजेथॉन' आयोजित कर रही है।

इसकी घोषणा आज की गई। यह प्रतिस्पर्धा देशभर के कॉलेजों में अध्ययनरत छात्रों के लिए है। इसका उद्देश्य कॉलेज छात्रों के सामान्य और विविध विषयों का ज्ञान बढ़ाना है। बैंक ने कॉलेज में सभी विषयों की पढ़ाई कर रहे छात्रों को हिस्सा लेने के लिए आमंत्रित किया है। क्विजेथॉन में छात्रों से वर्तमान घटनाक्रम के साथ खेल, बिजनेस, तकनीकी, कला, इतिहास और भूगोल जैसे विषयों से जुड़े सवाल पूछे जाएंगे। यह प्रतिस्पर्धा देशभर के आठ रीजन में आयोजित की जाएगी। बैंक अनुसार सभी रीजन और कॉलेज को बराबर प्रतिनिधित्व देने के लिए हर कॉलेज से अधिकतम दो ही टीमों को आमंत्रित किया गया है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**गोलीबारी, मापीट और झड़पों....** मौत हो गई। मुरैना से भी चुनावी हिंसा की खबर आई है, यहां दिमनी विधानसभा अंतर्गत एक मतदान केन्द्र पथराव करने की घटना सामने आई है, इस दौरान गोलीबारी की शिकायत भी की गई है। पत्थरबाजी की इस घटना में एक व्यक्ति को गंभीर चोटें आई हैं। डीएसपी विजय सिंह भदौरिया ने इस घटना के संबंध में जानकारी दी कि शुक्रवार सुबह 2 गुटों के बीच झड़प और पत्थरबाजी की जानकारी मिली थी। जानकारी मिलते ही पुलिस वहां पहुंची और दोनों तरफ के लोगों को वहां से हटा दिया गया। उन्होंने बताया कि इस झड़प में एक व्यक्ति के सिर पर चोट आई है, लेकिन हालात अभी काबू में हैं। कुछ गांव वालों ने गोली चलने की शिकायत की थी, लेकिन इसकी पुष्टि नहीं हुई है। भिंड जिले की मेहगांव विधानसभा में भाजपा प्रत्याशी राकेश शुक्ला पर भीड़ द्वारा हमले करने पर उनके बाडीगार्ड द्वारा गोली चला दी गई। जिसमें कुछ लोगों के घायल होने की खबर भी है। हालांकि इस घटना में किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। दरअसल भिंड जिले की मेहगांव विधानसभा से राकेश शुक्ला बतौर भाजपा प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं। श्री शुक्ला के मुताबिक जब वे मानहड में मतदान केंद्र पर जा रहे थे और गाड़ी से उतरे ही थे, तभी अचानक से बड़ी संख्या में हमलावर आ गए और उन पर हमला कर दिया। उन्होंने कहा कि हमलावरों ने उन्हें बड़े-बड़े पत्थरों से हमला किया, जिसमें से कुछ पत्थर उनके सिर, कंधे, पीठ और पैर में लग जाने से वह जख्मी हो गए, जिसके बाद इन हमलावरों ने श्री शुक्ला को हाथ से पकड़कर नीचे गिराने की भी कोशिश की, लेकिन उसी समय उनके गनर और सुरक्षाकर्मियों ने बीच बचाव कर गोली चलाई जिसके बाद उनकी जान बची।

इस हमले का आरोप श्री शुक्ला ने कांग्रेस प्रत्याशी ने समर्थकों पर लगाते हुए कहा कि यह काम कांग्रेस प्रत्याशी राहुल भदौरिया के समर्थकों का है, वह चुनाव हार रहे है और इसी बौखलाहट में उन्होंने मुझ पर यह जानलेवा हमला किया है। विधानसभा क्षेत्र इंदौर-4 में शुक्रवार को भाजपा-कांग्रेस कार्यकर्ताओं के कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए। पुलिस ने दोनों ही दलों के कार्यकर्ताओं पर हल्का बल प्रयोग कर उन्हें वहां से खदेड़ दिया। इस झगड़े का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जारी हो गया है। जिसमें भाजपा विधायक मालिनी गौड़ के बेटे एकलव्य सिंह भी मारपीट करते नजर आ रहे हैं। इस घटना के बाद जूनी इंदौर थाने पर भी हंगामा हुआ। कलेक्टर डॉ. इलैया राजा टी भी थाने पहुंच गए। इस मामले में जय झूलेलाल के कहने पर गौड़ और समर्थकों पर पिटाई करने के आरोप लगे हैं। मतदान के दौरान महू में तलवारे चल गई। घटना बड़गोंदा थाना क्षेत्र के मंगलिया गांव की बताई गई है। इस मामले में घायल दया राम का कहना है कि वह वोट डालने गया था. इस दौरान पोलिंग बूथ पर 2 लोग आए और भाजपा के पक्ष में वोट डालने के लिए कहने लगे, जिससे उसने मना किया तो उस पर उन्होंने तलवार से हमला बोल दिया, जिस घटना में फरियादी दयाराम बुरी तरह जख्मी हो गया।

**नकुलनाथ को मतदान केन्द्र....** वहां हंगामा हो गया। विवाद बढ़ता देख नकुलनाथ बूथ में अंदर गए बिना वापस लौट गए। इधर शाहपुर में ग्रामीणों ने मतदान का बहिष्कार किया। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 126 बूथ क्रमांक 165 ग्राम शाहपुर में एक भी ग्रामीण द्वारा मतदान नही किया गया ।ग्रामीणों का कहना है कि स्थानीय नेता को टिकट न देने से गांव में मतदान नहीं करने का निर्णय लिया है। प्रशासनिक अधिकारी के द्वारा समझाने पर भी मतदान करने ग्रामीण नही पहुंचे।

**मतदान केंद्र पर करंट....** पुलिकर्मियों ने उससे टेंट हटाने के लिए कहा था। मैंने बूथ से बाहर निकलकर देखा तो 4 लोग टेंट सेस चिपके पड़े थे। मेरे भाई की मौत हो गई थी, हम लोगों को जिला अस्पताल लेकर आए , इनमें 3 बुरी तरह करंट से झुलस गए थे। इस मामले में कलेक्टर ने अधिकारियों से बात कर जानकारी ली है।

**विक्रांत भूरिया के वाहन पर....** दिखती है। भाजपा ने पूरी तरह से मान लिया है कि वह चुनाव हार रही है। उन्होंने कहा कि इस घटना से समझ में आता है कि क्यों भाजपा प्रत्याशी भानू भूरिया सबके हाथ में गोफन थमाने और पत्थर देने की बात कह रहे थे। उनका असली चरित्र सामने आ गया है। डॉक्टर भूरिया ने कहा कि लड़ना है, तो सामने आकर लड़ो। मतदान के माध्यम से लड़ो। पत्थरबाजी करके गाड़ियां फोड़ने वाली यह गुंडागर्दी झाबुआ में नहीं चलेगी। डॉक्टर भूरिया ने सीधे तौर पर भाजपा प्रत्याशी पर आरोप लगाते हुए कहा कि यह घटना पूरी तरीके से भानू भूरिया द्वारा प्रेरित है। भाजपा के लोगों ने षड्यंत्र करके इस घटना को अंजाम दिया है। तो वहीं भाजपा प्रत्याशी भानू भूरिया ने डॉक्टर विक्रांत भूरिया के आरोपो को निराधार बताते हुए कहा कि ग्राम जूनागांव में एक दिव्यांग को कांतिलाल भूरिया ने लात मारी थी। उसी घटना की बदनामी के डर से इन्होंने साजिश के साथ खुद अपनी गाड़ी फोड़ी है। इसमें भाजपा के किसी कार्यकर्ता का हाथ नहीं है। भानू भूरिया ने कहा कि यदि यह किसी अगर भाजपा कार्यकर्ता ने किया है, तो उसका नाम बताना चाहिए। रिपोर्ट तो अज्ञात के नाम से दर्ज की गई है। झाबुआ कोतवाली प्रभारी तुरसिंह डावर ने बताया कि गुरुवार 16 नवंबर की रात इस मामले में रिपोर्ट दर्ज करवाई गई है। अज्ञात आरोपी के खिलाफ आईपीसी की धारा 336, 294, 223, 427, 506, 34 में मामला दर्ज किया गया है।

**बढ़ा मतदान प्रतिशत, भाजपा को....** रात छतरपुर जिले के राजनगर विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस के प्रत्याशी और उनके समर्थकों की आपसी भगदड़ में उनके ही एक साथी की कार के नीचे दबने से मौत हो गई। इस मामले में कांग्रेस नेताओं ने भाजपा प्रत्याशी व कार्यकर्ताओं पर हत्या का झूठा प्रकरण दर्ज करा दिया है।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और सांसद विष्णुदत्त शर्मा और प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने प्रदेश के विधानसभा चुनाव में लगभग शांतिपूर्ण मतदान होने पर मतदाताओं, चुनाव आयोग तथा पुलिस प्रशासन को बधाई दी है। उन्होंने प्रदेश के सभी क्षेत्रों में व्यवस्थित मतदान के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं और पार्टी हितचिंतकों का आभार माना है।

**किसानों को 15 हजार, बेघरों को....** हैं और लोग भी उन्हें विदा करने के लिए तैयार हैं। घोषणापत्र जारी करने से पहले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि पार्टी राज्य के लोगों की प्रगति, उन्हें सामाजिक न्याय दिलाने तथा उनके आर्थिक सशक्तीकरण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने तेलंगाना के लोगों को दी गई पार्टी की छह गारंटियां भी गिनाईं।

कांग्रेस ने राज्य की महिलाओं को हर महीने 2500 रुपए देने का वादा किया है। पार्टी ने इस योजना को 'महालक्ष्मी स्कीम' नाम दिया है। साथ ही महिलाओं को 500 रुपए में गैस सिलेंडर देने और राज्य परिवहन टीएसआरटीसी की बसों में मुफ्त यात्रा की घोषणा की है। पार्टी ने राज्य के सभी किसानों को 15 हजार रुपए प्रति एकड़ की वित्तीय सहायता करने और कृषि मजदूरों को 12 हजार रुपए देने का वादा किया है। साथ ही रायथु भरोसा स्कीम के तहत धान के लिए प्रति क्विंटल 500 रुपए देने का कहा है। कांग्रेस ने मैनिफेस्टो में ऐलान किया है कि अगर राज्य में कांग्रेस की सरकार बनती है तो गृह ज्योति योजना के तहत हर परिवार को 200 यूनिट बिजली फ्री देगें। कांग्रेस ने कहा कि इंदिरम्मा इंदलु स्कीम में सरकार उन परिवारों को घर के लिए जमीन और 5 लाख रुपए की वित्तीय सहायता करेंगे, जिनके पास खुद का घर नहीं है। इसके अलावा तेलंगाना आंदोलन सेनानियों को 250 वर्गगज का घर भी दिया जाएगा। कांग्रेस ने मैनिफेस्टो में छात्रों के लिए भी योजना शामिल की है। पार्टी ने घोषणा की है कि युवा विकासम योजना के तहत छात्रों को 5 लाख रुपए का वित्तीय सहायता कार्ड देगें, जिसका उपयोग कॉलेज की फीस भरने में किया जा सकता है। पार्टी ने मैनिफेस्टो में चेयुथा स्कीम के तहत 4 हजार रुपए मासिक पेंशन देने का वादा किया है। इसका लाभ बुजुर्गों, विधवाओं, विकलांगों, बीड़ी मजदूरों, सिंगल महिलाओं, बुनकरों, एड्स-फाइलेरिया रोगियों और डायलिसिस कराने वाले किडनी मरीजों को मिलेगा। साथ ही पार्टी ने इनके लिए 10 लाख रुपए का हेल्थ इंश्योरेंस कराने की भी बात कही है।

**तेलंगाना में आएगा कांग्रेस....** ऐसा तूफान आने वाला है कि केसीआर और उनकी पार्टी तेलंगाना में नजर नहीं आएगी। उन्होंने कहा कि चंद्रशेखर राव पूछते हैं कि कांग्रेस पार्टी ने क्या किया है। मुख्यमंत्री साहब, आपने जिस स्कूल और कॉलेज में पढ़ाई की.. उसे कांग्रेस ने ही बनाया। जिन सड़कों पर आप यात्रा करते हैं, कांग्रेस ने उन सड़कों को बनाया। उन्होंने कहा, यह कांग्रेस ही थी जिसने तेलंगाना राज्य के वादे को पूरा किया और हैदराबाद को दुनिया की आईटी राजधानी बनाया।

**वरिष्ठ साहित्यकार यात्री का....** और बेदखल, परजीवी, व्यंग्य संग्रह में किस्सा एक खरगोश का, दुनिया मेरे आगे, संस्मरण में लौटना एक वाकिफ उम्र का शामिल है। उनकी पत्नी उषा देवी और दो पुत्रियों का निधन हो चुका है। अब उनके परिवार में एक पुत्री और दो पुत्र हैं। से.रा. यात्री को कई पुरस्कारों से नवाजा गया। जिनमें प्रमुख हैं-सेतु शिखर सम्मान, पिट्सबर्ग अमेरिका (2017), महात्मा गांधी साहित्य सम्मान (2011), सारस्वत सम्मान (2007), साहित्य भूषण (2006)।

पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा श्री सिद्धि विनायक प्रिंटर्स, प्लाट नं. 26 बी देशबन्धु परिसर, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल म.प्र. 462011 से मुद्रित एवं प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली*** फोन 0755-4222971, ई-मेल deshbandhubpl1@yahoo.co.in प्रेस पंजीयन-प.स. 45096/85 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।